आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 328 ● जबलपुर ● सोमवार, 3 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्लपक्ष- प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

यूं बचाई जान : कोरोना संक्रमित को होश में लाने के लिए देना पड़ा वियाग्रा

लंदन। जानलेवा वायरस कोरोना के कारण कोमा में चली गई एक महिला नर्स के लिए वियाग्रा ने संजीवनी का काम किया। दरअसल पेशे से नर्स 37 वर्षीय मोनिका अल्मेडा 45 दिनों से कोमा में थीं और उन्हें होश नहीं आ रहा था लेकिन जैसे ही उसे वियाग्रा की खुराक दी गई वैसे ही कुछ देर बाद उन्हें होश आ गया। वियाग्रा देने का आइडिया मोनिका की सहकर्मियों का था। दरअसल, द सन में छपी एक खबर के मुताबिक मोनिका नाम की नर्स एनएचएस लिंकनशायर में कोरोना के मरीजों का लगातार इलाज कर रही थीं। इस दौरान वह अक्तूबर में कोरोना की चपेट में आ गईं। उनकी धीरे-धीरे तबीयत और ज्यादा बिगड़ने लगी और खून की उल्टियां भी होने लगीं। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में अपना इलाज करवाया। वहां से उन्हें जल्द ही डिस्चार्ज भी कर दिया गया। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर मोनिका को सांस लेने में भी दिक्कत आने लगी। जिसके बाद वह फिर से अस्पताल चली गईं। वहां उनका इलाज शुरू किया गया। लेकिन उनका ऑक्सीजन लेवल लगातार गिरता जा रहा था जिसके बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। 16 नवंबर को वह कोमा में ही चली गईं। इसके बाद डॉक्टरों ने काफी प्रयास किया लेकिन वह होश में नहीं आ पा रही थीं। हार-थक कर मोनिका के सहयोगियों ने उन्हें वियाग्रा की हेवी डोज देने का फैसला लिया था।

45 दिनों बाद कोमा से लौटी नर्स

सुरक्षा का टीका, उत्साहित टीन एजर्स

मप्र में 7 हजार सेंटर पर 12 लाख डोज लगाने का टारगेट

नई दिल्ली। देश में सोमवार से 15-18 साल किशोर-किशोरियों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। अभिभावक अपने बच्चे को लेकर टीकाकरण केंद्र पर पहुंचने लगे हैं।

अब तक 4.52 लाख बच्चों को वैक्सीन की पहली डोज लग गई है। साथ ही टीके के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या 12 लाख पार पहुंच चुकी है। वैक्सीनेशन और रजिस्ट्रेशन की संख्या तेजी से बढ़ रही है।वहीं कोविन पोर्टल के डाटा के अनुसार अब तक सात लाख से अधिक किशोर-किशोरियों ने पंजीकरण करवा लिया है। उधर कोराना संक्रमण में तेजी को देखते हुए किशोर-किशोरियों को इसके खतरे से बचाने के लिए टीकाकरण को लेकर सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलग-अलग टीका केंद्र बनाने की हिदायत दी है, ताकि कोविड वैक्सीन का घालमेल न हो पाए। खुद को सुरक्षा कवच देने के लिए किशोर-किशोरियों में खास उत्साह नजर आ रहा है। विशेष बात यह है कि बनाए गए टीकाकरण केंद्रों पर वेक्सीनेटर और डॉक्टर से पहले किशोर-किशोरी पहुंच गए हैं। सभी को टीका लगवाने की जल्दी है। चंडीगढ़ जीएमएसएच 16 में 9 बजकर 5 मिनट पर नयागांव की ऋषिता को टीका लगाया गया। टीका लगवाने के बाद वह बेहद खुश नजर आईं। उनका कहना है कि कोरोना से बचाव के लिए अब उन्हें सुरक्षा कवच मिल गया है। उधर मध्यप्रदेश में 15 से 18 साल के बच्चों का वैक्सीनेशन सोमवार से शुरू हो गया। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में वैक्सीनेशन शुरू हो गया है। गुना में 10वीं की छात्रा सुहानी (15) ने बताया कि कोरोना के केस बढ़ रहे हैं, इसलिए बचाव जरूरी है। माता-पिता ने भी जल्दी टीका लगवा लिया था। उसने भी सबसे पहले पहुंचकर टीका लगवाया। वह टीका लगवाने के लिए काफी उत्साहित थी। सुबह से ही उसे टीकाकरण शुरू होने का इंतजार था। सुबह 9.30 बजे के बाद हायर सेकेंडरी स्कूलों पर बने सेंटर पर टीका लगना शुरू हो गया, जो शाम 5 बजे तक लगेगा।

देश में अब तक 4.52 लाख बच्चों को टीका

पटना के नालंदा अस्पताल के 84 डॉक्टर एक साथ संक्रमित

पटना। बिहार में कोरोना विस्फोट हुआ है। पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 84 डॉक्टर एक साथ संक्रमित मिले हैं। एक साथ इतनी संख्या में मिले संक्रमित डॉक्टरों से एनएमसीएच समेत पूरी राजधानी में हड़कंप मचा हुआ है। मेडिकल कॉलेज से 194 लोगों का सैंपल लिया गया था, जिसमें एक साथ इतने डॉक्टरों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे आशंका बढ़ गई है कि अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज, स्टाफ और आसपास में कोरोना विस्फोट हो चुका है और इसकी चपेट में कई लोग आ सकते हैं। अस्पताल प्रबंधन के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती है कि जिन डॉक्टर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, वे ड्यूटी पर थे और मेडिकल स्टॉफ के साथ-साथ मरीजों के भी संपर्क में थे। ऐसे में मरीजों और उनके परिजनों की पहचान कर उनकी जांच की जाए ताकि पता चल सके कि ये लोग कोरोना के किस वैरिएंट के तहत बीमार पड़े हैं। वहीं, पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। डॉक्टरों में कोरोना के हल्के लक्षण पाए गए है। अस्पताल कैंपस में ही उन्हें क्वारंटीन रहने की व्यवस्था की गई है।

आ चुकी है कोरोना की तीसरी लहर?

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले बेहद खतरनाक ढंग से बढ़ रहे हैं, जगह-जगह कोरोना विस्फोट देखने को मिल रहा है। इसी बीच चौंकाने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं। तमाम राज्यों में नाइट कर्फ्यू समेत ढेरों सख्त पाबंदियों के बावजूद पिछले एक सप्ताह में कोरोना संक्रमण के मामलों में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में ही 34000 से अधिक कोरोना संक्रमण के नए मामले आए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बात की प्रबल आशंका है कि तीसरी लहर दस्तक दे चुकी है। साथ ही नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के मामलों ने भी रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। पूरे देश की बात करें तो यहां पर ओमिक्रॉन मरीजों की संख्या 1525 के पार हो चुकी है। इसमें भी सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में हैं। आंकड़ों की बात करें तो एक अंग्रेजी दैनिक ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि 27 दिसंबर से 2 जनवरी के दौरान लगभग 1.3 लाख ताजा मामले दर्ज किए। यह पिछले 12 सप्ताह के दौरान सबसे अधिक है। इतना ही नहीं यह देश में महामारी की शुरुआत के बाद से संक्रमणों में अब तक का सबसे तेज साप्ताहिक उछाल था। पिछली सबसे अधिक बढ़ोतरी 5 से 11 अप्रैल 2021 में दूसरी लहर के दौरान 71प्रतिशत दर्ज की गई थी। पिछले सप्ताह देश में कोरोना के 46,073 मामले दर्ज किए गए थे। यह मई 2020 के मध्य के बाद से सबसे कम केस थे। देश में कोरोना की रफ्तार आए दिन बढ़ती ही जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़े के मुताबिक बीते 24 घंटे में कोरोना के 33,750 नए मामले सामने आए हैं जबकि इस दौरान 123 लोगों की मौत हो गई। हालांकि इस दौरान लगभग 10,846 लोग स्वस्थ भी हो गए। सबसे अधिक चि पत्नी के मेडिकल रेकॉर्ड दिखाकर नहीं साबित कर सकते अवैध संबंध,

एक सप्ताह के अंदर ही देश में तीन गुना बढ़ गया संक्रमण

कर्नाटक हाईकोर्ट ने महिला को दी राहत!

पत्नी के मेडिकल रेकॉर्ड दिखाकर नहीं साबित कर सकते अवैध संबंध

बैंगलुरू। कर्नाटक हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि पर्सनल मेडिकल रेकॉर्ड दिखाकर पति या पत्नी के अवैध संबंध को साबित नहीं किया जा सकता है। धारवाड़ बेंच के जस्टिस एनएस संजय गौड़ा ने फैमिली कोर्ट के 30 मार्च, 2021 को दिए आदेश को रद्द कर दिया। जस्टिस गौड़ा ने कहा, ऐअगर इसकी अनुमति दी जाती है, तो यह डॉक्टर-मरीज की गोपनीयता की पूरी अवधारणा को ही खत्म कर देगा। इसके अलावा यह एक डॉक्टर को पति-पत्नी के बीच के वैवाहिक विवाद में घसीटने की तरह होगा। दरअसल याचिकाकर्ता पति ने अपनी पत्नी के कथित गर्भपात से जुड़े दस्तावेज पेश करने के लिए एक डॉक्टर को बुलाने की मांग की थी। पत्नी ने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मेडिकल रिकॉर्ड उसके लिए बिल्कुल निजी होते हैं और पति या किसी भी अन्य शख्स की ओर से इसकी मांग नहीं की जा सकती है।

फटाफट खबरें

नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन गिरफ्तारी आदेश के खिलाफ याचिका पर आज सुनवाई

नईदिल्ली। कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के दौरान नकली रेमडेसिविर इंजेक्शनों की खरीद करने के आरोपी एक व्यक्ति को हिरासत में भेजने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने जबलपुर के इस व्यक्ति की याचिका को सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। यह याचिका आरोपी देवेश चौरसिया ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दाखिल की है। इस याचिका पर न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की पीठ सुनवाई कर सकती है। याचिका में कहा गया है कि आदेश में जिन्हें आधार बनाया गया है, वह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एमएसए) के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करते। इससे पहले शीर्ष अदालत ने फर्जी रेमडेसिविर की खरीद से संबंधित एक अन्य मामले में जबलपुर के एक चिकित्सक की हिरासत का आदेश रद्द कर दिया था।

मप्र पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर सुनवाई आज

भोपाल। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण को बहाल कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में आज सरकार की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई होगी। सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे पैरवी करेंगे। राज्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया जाएगा कि पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं की गणना कराई जा रही है। राजनीतिक तौर पर उनकी स्थिति का आकलन करने के लिए पंचायतों में अनारक्षित पदों पर चुने गए पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की आबादी 52 प्रतिशत से अधिक है। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश सरकार को पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति का प्रतिवेदन तैयार करने के लिए चार माह का समय दिया जाए।

चपरासी और सफाईकर्मी बनने लाइन में एमबीए और पीएचडी स्कॉलर

शिवपुरी। मध्य प्रदेश में बेरोजगारी का ऐसा आलम है कि चपरासी और सफाईकर्मी बनने के लिए पढ़े-लिखे लोग भी लाइन लगा रहे हैं। शनिवार को जिला न्यायालय में स्वीपर, वाहन चालक व चपरासी के कुल 20 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। इसमें 8वीं पास युवाओं को पात्रता दी गयी है। लेकिन भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बने अभ्यर्थियों में ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवा तक शामिल हुए। शिवपुरी जिला कोर्ट में इस भर्ती के लिए करीब 8 ह?ार बेरोजगार युवा लाइन में लगे थे। इस नौकरी की पात्रता 8वीं पास रखी गयी है, लेकिन भर्ती में इंटर, आईटीआई, बीए, बीएससी, एमबीए और पीएचडी पास युवा लाइन में लगे थे। इस लाइन में भी महिलाएं भी बड़ी संख्या में इंटरव्यू देने के लिए आई हुई थी। यह महिलाएं भी पोस्ट ग्रेजुएट थीं।

बेरोजगार होने से ठीक चपरासी ही बन जाएं

भर्ती देने आए दानिश खान ने बताया वह एमकॉम और आईटीटी स्टेनो पास हैं। उनके साथ यहां एमबीए सहित इंजीनियरिंग युवा भी भर्ती में शामिल होने आए हैं। बंटी कुशवाहा ने बताया कि वह बीए और एमए पास हैं। लेकिन तीन साल से मध्य प्रदेश में कोई भर्ती नहीं निकली है बेरोजगार बैठे रहने से अच्छा है कि चपरासी ही बन जाए। गौरतलब है कि हाल ही में ग्वालियर में ऐसा नजारा देखने को मिला था। यहां भी 15 पदों पर 11000 युवा नौकरी पाने के लिए 2 दिन तक लाइन में लगे थे।

हत्या के आरोप में जेल में बंद

इंस्टाग्राम पर बना 'भोपाल किंग'

भोपाल। चार महीने पहले हत्या के आरोप में सतना जेल में बंद भोपाल के कुख्यात बदमाश पप्पू चटका इन दिनों इंस्टाग्राम पर सक्रिय है। उसने अपने आपको इंस्टाग्राम पर भोपाल किंग घोषित कर रखा है। जेल में बंद होने के बाद भी बदमाश के सोशल मीडिया पर सक्रिय होने से जेल प्रबंधन पर सवाल खड़े हुए हैं। सोशल मीडिया पर जेल के भीतर के दृश्य में बंदी के इस मामले में जेल प्रबंधन चुप्पी साधे है और टिप्पणी करने से बच रहे हैं। पप्पू ने अपनी प्रोफाइल में खुद को एमपी किंग भी बता रखा है।

कुछ भी अंदर ले जाने की अनुमति नहीं

जेल में बंदियों को किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या खाद्य-पेय पदार्थ बाहर से ले जाने या देने की अनुमति नहीं होती है। इसी तरह मिलने वालों को भी सघन जांच-पड़ताल के बाद मुलाकात के लिए जाने दिया जाता है। उन्हें भी किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होती। इसके बावजूद भोपाल में हत्या के एक मामले में गिरफ्तार बदमाश का सतना जेल के भीतर से एक वीडियो सामने आया है। भोपाल का कुख्यात बदमाश पप्पू चटका का सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया गया है। उसमें जेल के भीतर का दृश्य है जिसमें वह फोन पर बात कर रहा है। यह वीडियो सीखचों के दूसरी तरफ से लिया गया है जिसके बैकग्राउंड म्युजिक में पंजाबी गाने को जोड़ा गया है।

मप्र में कोरोना आउट ऑफ कंट्रोल

221 नए केस, आधे इंदौर से, भोपाल में चार माह का बच्चा पॉजिटिव

जबलपुर। मध्य प्रदेश में तीसरी लहर के दस्तक के साथ ही कोरोना आउट ऑफ कंट्रोल हो गया है। एक दिन में 221 नए केस मिले हैं। अकेले इंदौर में ही आधे मरीज मिले हैं। यहां 24 घंटे में 110 संक्रमित मिले। 206 दिन बाद पॉजिटिव मरीजों का आंक ?ा तीन अंकों में आया है। इससे पहले 10 जून 2021 को 117 मरीज मिले थे। शहर में पांच दिन में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर पांच गुना हो गई है। रविवार तक यह संख्या 438 तक पहुंच गई है। इसके पहले बीते साल जून में एक्टिव मरीजों की संख्या 344 थी। संक्रमण दर 1.58 फीसदी हो गई है। भोपाल में रविवार को कोरोना के 54 नए केस मिले हैं। पुराने शहर में एक ही परिवार के 11 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें 4 महीने का बच्चा भी शामिल है। स्वास्थ्य विभाग इनकी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर रहा है। इसके अलावा ग्वालियर में दूसरे दिन केस डबल हो गए। यहां 9 नए केस मिले हैं। इसके अलावा सागर और जबलपुर में 4-4 नए केस मिले हैं। रतलाम में 2 नए पॉजिटिव मिले हैं। जावरा के नजरबाग कॉलोनी में 14 साल की लड़की और रतलाम के वाहिदनगर में 26 साल का युवक संक्रमित मिला है। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 7 हो गई है। उज्जैन में रविवार को 8 पॉजिटिव आए। यहां 33 एक्टिव केस हैं। रीवा में 6, सागर में 4 नए संक्रमित मिले हैं। जबलपुर में 4 नए संक्रमित मिले हैं। तीन की ट्रेवल हिस्ट्री मिली है। दो सेना के जवान हैं। दोनों ही बाहर से जबलपुर ट्रेनिंग के लिए आए हैं। हल्के लक्षण हैं।

दोनों कोविड के दोनों डोज लगवा चुके हैं। एक महिला कैंसर पेशेंट है। इलाज कराकर मुम्बई के टाटा मेमोरियल अस्पताल से लौटी हैं।

सीएम शिवराज बोले- तीसरी लहर का मुकाबला करेंगे

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि प्रधानमंत्रीजी के कुशल नेतृत्व में हम सब मिलकर तीसरी लहर से मुकाबला करेंगे और इसके लिए सबसे पहले जिला, विकासखंड, पंचायत और वार्ड स्तर की क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों को पूरी ताकत से सक्रिय होना पड़ेगा।मुख्यमंत्री जिला, विकासखंड व ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

आज से शिवराज की मैराथन बैठकें

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 3 जनवरी से 7 जनवरी तक मंत्रालय में मैराथन बैठकें कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नए साल 2022 में मंत्रियों को मैदान में उतारने की तैयारी कर चुके हैं। बैठकों में सभी मंत्री और विभागों के प्रमुख अफसर मौजूद रहेंगे। वर्ष 2022-23 के राज्य बजट के लिहाज से बैठकों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें खेती

मंत्रियों को नए टारगेट के साथ मैदान में उतारने की तैयारी, अपने दौरों का रिव्यू करेंगे मुख्यमंत्री, अफसर देंगे प्रजेंटेशन

में लागत कम करने कस्टम प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित करने, प्रशासनिक कसावट और रोजगार पर फोकस रहेगा। 2021 के नए साल में पहली बैठक में मुख्यमंत्री वर्ष 2021 के 5 संकल्प अफसरों से साझा किए थे। यह 5 संकल्प हैं -आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश, सुशासन व कानून-व्यवस्था, अर्थव्यवस्था एवं रोजगार, किसान कल्याण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा व अधोसंरचना का विकास। बैठक में इसका रिव्यू भी किया जाएगा। यह बैठकें 3 से 7 जनवरी तक लगातार चलेंगी।

जॉन अब्राहम,पत्नी प्रिया कोविड पॉजिटिव

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम और उनकी पत्नी प्रिया कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। जॉन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले मैं एक व्यक्ति के संपर्क में आया, जिसके बारे में मुझे बाद में पता चला कि वह कोरोना पॉजिटिव था। अब प्रिया और मैं संक्रमित हो गए हैं। हम दोनों घर पर ही क्वारैंटाइन हैं।

खंडवा स्टेशन पर गलत ट्रेन में बैठी पता चला तो चलती ट्रेन से कूदी

खंडवा। खंडवा रेलवे स्टेशन पर चलती हुई मंगला एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने का प्रयास करते समय एक महिला गिर गई। लोगों ने दौड़कर महिला को खींच लिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ है। घटना 31 दिसंबर की बताई जा रही है। शुक्रवार को खंडवा रेलवे स्टेशन पर मंगलौर जाने और वहां से आने वाली मंगला एक्सप्रेस कुछ समय के अंतराल गुजरी थीं। इनमें से मंगलुरू जाने वाली ट्रेन में 40 साल की महिला रानी सिंह को जाना था, लेकिन इसी बीच मंगलुरू से दिल्ली जाने वाली ट्रेन स्टेशन पर आ गई। रानी सिंह उसमें बैठ गई। ट्रेन में जब वे अपनी सीट पर पहुंची तो उन्हें पता चला कि यह ट्रेन तो दिल्ली की तरफ जा रही है। वे जब तक ट्रेन से उतरतीं, इसके पहले ही ट्रेन आगे बढ़ गई और उसने स्पीड पकड़ ली। हड़बड़ाहट में रानी सिंह उतरने लगी, लेकिन ट्रेन की स्पीड ज्यादा होने से वे प्लेटफार्म पर ही गिर गईं। गाड़ी की तेज गति की वजह से संतुलन बिगड़ जाने से वे प्लेटफार्म के नीचे फिसलने लगीं तो आरपीएफ के जवानों तथा लोगों ने दौड़ लगा दी। उन्हें प्लेटफार्म के नीचे गिरने से बचा लिया। रानी सिंह को लोगों ने पानी पिलाया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने चोट नहीं आने पर इसकी जरूरत नहीं बताई और अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। मगर यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई जिसके वीडियो अब वायरल हो रहे हैं।

लोगों ने बचाया

लखीमपुर की घटना सोची-समझी साजिश, आशीष मिश्रा मुख्य आरोपी

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी हिंसा के आज 90 दिन पूरे हो चुके हैं। मामले में एसआईटी ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। एसआईटी के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि ये चार्जशीट 5 हजार पन्ने की है। इसमें टेनी के बेटे आशीष मिश्र के गुनाह दर्ज किए गए हैं। 3 अक्टूबर को तुकनिया कांड में एक पत्रकार समेत 8 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मामले की जांच एसआईटी टीम कर रही है। 3 अक्टूबर से 3 जनवरी तक तुकनिया कांड के 90 दिन पूरे हो चुके हैं। गंभीर आरोपों में 90 दिन के अंदर जांच एजेंसी को चार्जशीट दाखिल करनी होती है। मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे आशीष मिश्र मोनू समेत 13 लोग न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

हिजाब पहनी छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश नहीं

कर्नाटक में माता-पिता विरोध में उतरे

कर्नाटक। मेंगलुरु कर्नाटक के उडुपी में महिला पीयू कॉलेज की छह मुस्लिम छात्राओं ने आरोप लगाया कि हिजाब पहनने की वजह से उन्हें कॉलेज प्रशासन ने परिसर में एंट्री नहीं दी। मामला कर्नाटक के बेंगलुरु से 400 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उडुपी के सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी महिला कॉलेज का है। शनिवार को इन छात्राओं के माता-पिता ने कुछ ऐक्टिविस्ट्स के साथ कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। छात्राओं ने यह भी शिकायत की कि उन्हें उर्दू, अरबी और बेरी भाषाओं में बात करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। छात्राएं तीन दिन से विरोध स्वरूप कक्षा के बाहर खड़ी हैं। छात्राओं ने दावा किया कि उनके माता-पिता ने प्राचार्य रुद्र गौड़ा से संपर्क भी किया, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत से इनकार कर दिया।

लड़कियों ने बताया कि पिछले तीन दिन से उनकी उपस्थिति भी नहीं दर्ज की जा रही है और उन्हें डर है कि इससे कॉलेज में उनकी उपस्थिति कम हो सकती है। वहीं, कॉलेज के प्राचार्य रुद्र गौड़ा ने कहा कि छात्राएं परिसर में हिजाब पहन सकती हैं लेकिन कक्षा के भीतर इसकी अनुमति नहीं है। इस नियम का पालन कक्षा में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। प्राचार्य ने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही अभिभावक-शिक्षक बैठक भी बुलाई जाएगी। इसी बीच, एसडीपीआई की उडुपी इकाई के अध्यक्ष नजीर अहमद ने कहा कि अगर छात्राओं को हिजाब के साथ कक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई, तो वे प्रदर्शन करेंगे।

जारी है ठंड का सितम

||यह दृश्य नर्मदा तट के ग्वारीघाट का है||

बढ़ते पारे के बीच ठिठुरा रहीं बर्फीली हवाएं

जबलपुर, । मौसम सर्द बना हुआ है। रात में ठंडक अधिक रही है, जबकि सोमवार को धूप खिली, जिससे लोगों को राहत मिली है। ठंड का सितम जारी है। बर्फीली हवाएं लोगों को ठिठुरा रही है। बीते तीन दिनों में दिन का तापमान चार डिग्री और रात का न्यूनतम पारा करीब दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है। लेकिन जाड़े का जोर कम नहीं हुआ है। वातावरण में अब भी सुबह से शाम और रात को गलाव वाली ठंड महसूस हो रही है। लोग ऊपर से नीचे तक जहां गर्म कपड़े में ढंक कर बाहर निकल रहे हैं वहीं ठंड से बचने के लिए कई जगह लोग आग तापते भी देखते जा रहे हैं। ठंड के आगे धूप भी बेसर साबित हो रही है। रविवार को भी ऐसी ही ऐसी ही गलाव वाली ठंड का अहसास होता रहा। हालांकि मौसम विभाग की माने तो कुछ दिन ठंड का ऐसा ऐसा ही रहेगा। पांच जनवरी के बाद मौसम में बदलाव की संभावना है। बादल छाने से ठंड का असर कुछ कम हो जाएगा। जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की भी संभावना है। पांच जनवरी के बाद से मौसम में बदलाव संभावित है। जिसका असर देखा जाने लगा है। रविवार को धूप के बीच कई बार हल्के बादल भी आते-जाते रहे। लिहाजा ये माना जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रिय होने लगा है। मौसम विभाग ने एक-दो जनवरी को दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद पांच से सात जनवरी के मध्य अगले प्रभावशाली पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और मध्य प्रदेश सहित जबलपुर में एक बार फिर से बारिश होने की संभावना जताई है। तापमान बढ़ रहा: बहरहाल मौसम शुष्क हो गया है। शीतलहर का प्रकोप भी कुछ कम हुआ है। लेकिन पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से ठंड का असर हुआ है।तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी होने लगी है। रविवार को अधिकतम तापमान 21.9 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं सोमवार की सुबह का तापमान न्यूनतम 8.6 डिग्री पर पहुंच गया है। रविवार को न्यूनतम तापमान 4.9 डिसे रिकार्ड हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो 8 जनवरी के बाद कड़ाके की सर्दी का अगला दौर आएगा। साथ ही 4 जनवरी को आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश के साथ ही ओलावृष्टि के भी आसार हैं। **फोटो- अशोक बर्मन**

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

जबलपुर। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा जबलपुर जिला शाखा जबलपुर विभागीय समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज विभागीय समिति बरगी हिल्स का वार्षिक कैलेंडर विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे डॉ प्रदीप कसार अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज जबलपुर विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश तिवारी अधीक्षक नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर कार्यक्रम के अध्यक्ष यशस्वी प्रांताध्यक्ष माननीय महेंद्र शर्मा जी ने की अतिथि के रूप में प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष रविकांत दहायत संभागीय संरक्षक राम कुमार मेहरा प्रांतीय महामंत्री एवं संभागीय अध्यक्ष अजय कुमार दुबे उपस्थित रहे कार्यक्रम की संरचना एवं मंच संचालक संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पीपरे संभागीय निर्णय समिति अध्यक्ष राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा संचालित की गई मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।इसी प्रकार जबलपुर संभाग के इन जिलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए नरसिंहपुर छिंदवाड़ा सिवनी मंडला डिंडोरी कटनी जबलपुर मैं वार्षिक कैलेंडर विमोचन का कार्यक्रम संपन्न किया गया संभागीय मुख्यालय में उपस्थित थे संभागीय महामंत्री सहदेव रजक संभागीय सचिव महेंद्र साहू संभागीय कोषाध्यक्ष संजय रजक विभागीय समिति सलाहकार धीरज सिंह निर्देश रजक विभागीय समिति अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार विजय यादव वैद्यनाथ यार शांतिलाल झारिया सुदामा प्रसाद परोहा विश्वास लाज रस कपिल दुबे सुरेश बाल्मिक मार्गरेट जोसेफ राकेश बडोले रविंद्र राय राजकुमार केवट संजय चक्रबर्ती कोमल सिंह मार्को अंजलि कनौजिया कलावती कॉल प्रेम नारायण ठाकुर समर सिंह ठाकुर शब्बीर हुसैन रमेश सोनी देवेंद्र अहिरवार विकास डहेरिया सुनील पाठक पूनम नामदेव बाल गोविंद माली गणेश अहिरवार सोम सिंह उद्दे राजेश बैगा एवं भारी संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

तजिन्दर सिंह उपप्रांताध्यक्ष और सतीश त्रिपाठी बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

जबलपुर। जागरूक कर्मचारी और जागरूक खेल संघ का हुआ विस्तार** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति और जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज क्रमशः जागरूक समिति एवं जागरूक खेल संघ का विस्तार करते हुए जागरूक खेल संघ में तजिंदर सिंह को उपप्रांताध्यक्ष एवं जागरूक कर्मचारी समिति में श्री सतीश त्रिपाठी को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। संघ ने आगे बताया कि संघ के विस्तार हेतु निरंतर कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों को जोड़कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है एवं सभी के सहयोग से कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों के हित में कार्य किया जा रहा है सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जीवन लाल रजक, राकेश श्रीवास, राजेंद्र सिंह, जियाउरहीम, स्टेनली नॉरबर्ड, शहीर मुमताज़, दिनेश गौड़, गोपी शाह, विनोद सिंह, शरीफ अंसारी, रुख खान, राजकुमार यादव, कुलदीप सिंह ,बंटी रजक, बॉबी खान, आदि ने उपस्थित रहकर दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

सिध्देश्वरी सराफ की दो कृतियों का विमोचन आज

जबलपुर। कला, साहित्य ,संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में कवयित्री, कथाकार श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ की दो कृतियां रिश्तों की तुरपाई लघुकथा संग्रह एवं सिद्धेश्वरी की कविताऐं काव्य संग्रह का विमोचन सोमवार 3 जनवरी को सायंकाल 6:00 बजे से रानी दुर्गावती कला वीथिका में आयोजित है।मुख्य अतिथि श्री राकेश गुप्ता प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर सेंट्रल मध्य रेलवे होंगे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजकुमार सुमित्र, डॉ.गिरीश पाठक, श्रीमती छाया त्रिवेदी एवं स्वागत अध्यक्ष एस.एस. सराफ होंगे।पाथेय के संयोजक राजेश प्रवीण ने साहित्यकारों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

सरकार ने अधिकारियों से नियंत्रण खोया: विधायक संजय यादव

जबलपुर। जबलपुर बरगी विधानसभा से कांग्रेस विधायक संजय यादव ने मध्य प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक ने कहा है कि सरकार ने अधिकारियों पर से नियंत्रण खो दिया है। जनप्रतिनिधियों समेत आम लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है। क्षेत्र में विकास के कार्य लगभग ठप पड़े हैं।

विधायक संजय यादव ने स्पष्ट किया है कि सरकार अधिकारियों को नियंत्रण में रखे और आम लोगों की पीड़ा को सुना जाकर काम कराए जाएं अन्यथा विधानसभा स्तर पर तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

एक करोड़ रुपए स्वास्थ्य सेवा में खर्च, नतीजा शून्य

विधायक संजय यादव ने कहा कि उन्होंने अपनी बरगी विधानसभा क्षेत्र में विधायक चुने जाने के साथ ही विकास कार्य शुरू कराए हुए हैं प्राथमिकता में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को रखा है। तीन साल के कार्यकाल में करोड़ों रुपए विधायक निधि समेत अन्य मदों से खर्च कर दिए। बरगी, शहपुरा, चरगवां आदि स्वास्थ्य केंद्रों पर एंबुलेंस उपलब्ध कराई। बरगी नगर, चरगवां में पैथोलाजी जांच संबंधी इंतजाम कराए। इसके बावजूद सरकार यहां कर्मचारियों की तैनाती नहीं कर सकी है। हालात यह हैं कि लाखों रुपए के उपकरण उपयोग में नहीं आ रहे हैं। आम लोग भटकने को मजबूर हैं और खुद का पैसा खर्च कर जबलपुर इलाज

कराने के लिए आ रहे हैं। ऐसे ही हाल शिक्षा विभाग के हैं। विधायक संजय यादव ने बताया कि बरगी विधानसभा क्षेत्र में 55 स्कूलों की कक्षाओं को स्मार्ट बनाया गया। विभागीय इंतजाम नहीं होने से सभी स्मार्ट कक्षाएं इन दिनों बंद पड़ी हैं। विद्यार्थी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

तहसीली में भ्रष्टाचार चरम पर

विधायक ने कहा कि सरकार का अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं होने से तहसीली में भ्रष्टाचार चरम पर है। कोई भी काम बिना पैसे के लिए-दिए नहीं हो रहा है। विभाग में दलालों का बोलबाला है। नामांतरण, बटांक, फौती कटवाने में हजारों रुपए ग्रामीणों को खर्च करने पड़ रहे हैं। अब भी समय है सरकार ध्यान नहीं तो आम लोगों के लिए आंदोलन किया जाएगा।

विद्युत विभाग और तहसीली में नहीं हो रहे आम लोगों के काम

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बुरे हालात

जबलपुर-कटनी राजमार्ग धूल में बदला

भारी वाहनों से परेशान हो रहे ग्रामीण

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर-कटनी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 फोरलेन सड़क पर गांधीग्राम से रामपुर के बीच भारी वाहनों की आवाजाही से उठते धूल के गुबार लोगों की परेशानी बड़ा रहे हैं। फोरलेन स ?क के लगभग तीन किलोमीटर के हिस्से में उठते इन गुबारों से दोपहिया वाहन चालकों को आगे बढ़ना मुश्किल हो गया है। इस दौरान सड़क दुर्घटना और वाहन चालकों के हताहत होने का खतरा भी बना रहता है।

ग्रामीण बताते हैं कि गांधीग्राम से रामपुर के बीच आवाजाही करने वाले ज्यादातर हाइवा, डंपरों से ब्लूडस्ट, आयरन ओर, मैगनीज, लेटराइट, मुरम आदि की ढुलाई होती है। इस क्षेत्र में लगातार जारी उत्खनन के बाद सैकड़ों डंपर, हाइवा, ट्रक आदि से खनिज परिवहन होता है। खनिज भारवाहक वाहनों के दबाव के कारण फोरलेन सड़क की पटरी की मुरम मिट्टी धूल की गर्द में तब्दील हो गई है। भारी वाहनों से सड़क पर खनिज गिरकर चिपक रही है। इससे कुछ समय बाद सड़क पर धूल उड़ने लगती है। गांधीग्राम बायपास के धमकी बम्होरी चैराहा से रामपुर तक सड़क की पटरी पर धूल की परत बिछी हुई है। रात के समय फोरलेन सड़क पर उड़ती धूल की वजह से अंधेरा सा हो जाता है। साथ ही मुरम व मिट्टी में दुपहिया वाहन भी फिसल रहे हैं।

सड़क की धूल हटाएं

सड़क दुर्घटना का भी अंदेशा हमेशा बना रहता है

बम्हौरी चैराहे पर खड़े होकर लोग दोनों ओर जाने वाले वाहनों का इंतजार करते हैं। यहां पर अत्यधिक मात्रा में धूल उड़ने से लोगों का दम घुटने लगता है। दोपहिया वाहन चालकों का निकलना भी बहुत मुश्किल हो गया है। रात में परेशानी दोगुनी हो जाती है। ग्रामीणों की मांग है कि गांधीग्राम से रामपुर बायपास के बम्हौरी चैराहे तक फोरलेन सड़क की धूल

पीएचडी प्रवेश परीक्षा 15 जनवरी के बाद, 45 सीट और बढ़ेगी

जबलपुर, । पीएचडी प्रवेश परीक्षा डाक्टोरल इंट्रेंस टेस्ट 15 जनवरी के बाद होगा। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इस बार चार नए विषय समूह को शामिल किया जा रहा है ताकि अधिक विद्यार्थियों को पीएचडी में प्रवेश का मौका मिल सके। आधा दर्जन नए विषय जुड़ने के बाद करीब 45 सीट अतिरिक्त बढ़ जाएगी। उक्त विषय के लिए प्रशासन जल्द आवेदन करने की तिथि जारी करने जा रहा है।

दो बार टल चुकी है परीक्षा

कुलसचिव डा.ब्रजेश सिंह ने बताया कि 12 जनवरी को दीक्षा समारोह है जिस वजह से प्रशासन इसके बाद ही परीक्षा की तिथि तय करना चाह रहा है ताकि बेहतर तरीके से परीक्षा का संचालन किया जा सके। प्रशासन से लंबे समय से विद्यार्थी समाजशास्त्र, सामाजिक कार्य, शिक्षा, इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास के अलावा अंग्रेजी विषय में भी पीएचडी प्रवेश परीक्षा करवाने की तैयारी हो रही है। इससे पहले प्रशासन ने अन्य विषय के आवेदन बुलाए थे। जिसमें करीब 2 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया हुआ था। डीईटी की परीक्षा लंबे समय से दो बार पहले ही टल चुकी है। जिस वजह से आवेदन परेशान है। जिले के अलावा देशभर से इस परीक्षा में आवेदन शामिल हो रहे है इसलिए उन्हें परीक्षा के पहले आवागमन की सुविधा भी तय करनी होती है ऐसे में प्रशासन ने दो बार परीक्षा का कार्यक्रम बदलकर कई आवेदकों को परेशानी में डाला था। इस दौरान जिन विषयों में पीएचडी के लिए आवेदन नहीं बुलाए गए थे उनके लिए लगातार मांग उठ रही थी कि शेष बचे हुए विषयों में भी डीईटी का आयोजन किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी शोध कार्य के लिए आवेदन कर सके।

अधूरी बनाई सड़क से उतर रहे वाहनों के चके

जबलपुर, । रानीताल से कछपुरा ब्रिज तक नागरिकों की सुविधा के लिए बनाई गई सड़क अब समस्या बन गई है। क्योंकि अधूरी बनाकर छोड़ी गई सीमेंटेट सड़क पर गुजरते वक्त वाहन चालकों का जरा से ध्यान भटकने पर वे सड़क किनारे से फिसल कर चोटिल हो रहे है। वहीं सड़क के किनारें की नालियां भी खुली छोड़ दी गई है। जिसके कारण रोजाना हादसे का अंदेशा बना रहता है। इसके अलावा सड़क किनारे अतिक्रमणकारियों ने अपनी दुकानें सजा ली है। जिससे यातायात व्यवस्था भी बाधित हो रहा है।

एक तरफ बनाकर छोड़ी सड़क

रानीताल से कछपुरा तक करीब सात करोड़ रुपये खर्च कर सीमेंटेट सड़क बनाई गई है। लेकिन कई जगह एक तरफ की सड़क बनाई ही नहीं गई। संकरी सड़क पर राह चलते वाहनों के चके फिसल कर सड़क से नीचे उतर रहे हैं। नागरिकों की माने तो इस मार्ग पर कई बार

संतुलन बिगड़ने से वाहन चालक गिर भी चुके है। नगर निगम इस सड़क को व्यविस्थत कराने कोई कदम नहीं उठा रहा है। जब ये सड़क बन रही थी तब भी नागरिकों ने अधूरी सड़क बनने का विरोध किया था। लेकिन न तो ठेकेदार न सड़क बनाई न ही नगर निगम ने इसकी सुध ली।

खुली पड़ी नालियां

रानीताल से यादव कालोनी मार्ग पर लेबर चौक के ठीक पहले अधूरा सड़क के किनारे ही नालियां खुली पड़ी है। इसे भी अब तक भूगिगत नहीं किया गया है। आस-पास रहने वाले किसी तरह जाली या पटिया

खुली छोड़ दी नालियां

लगाकर आवागमन करने विवश है। शहर के सबसे व्यविस्तित मार्ग होने से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं।

-

फुटपाथ पर हो गए कब्जे

इतना ही रानीताल के आगे यादव कालोनी के मार्ग के दोनों तरफ सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर दुकानें सजा ली है। फल, सब्जी, चाट,पान

जॉय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में विराट आयोजन

मेगा ड्रांईग कार्निवल स्पर्धा में बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

रंगों की कूची से निखारी प्रकृति की खूबसूरती

जबलपुर। जॉय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, विजय नगर की संस्थापिका स्व. विमला मेबन की स्मृति को अक्षुण्य रखने के लिए तथा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक व प्रेम उत्पन्न करने के लिए सुंदर दृष्टि, सुंदर सृष्टि विषय पर 02 जनवरी 2022 मेगा ड्राइंग कार्निवल प्रतियोगिता का आयोजन जॉय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, विजय नगर जबलपुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कला जगत से जुड़े शासकीय कला निकेतन महाविद्यालय, जबलपुर के सोमेश सोनी ने चित्र उकेर कर तथा राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त जबलपुर ने रंग भरकर किया।इस अवसर पर मनीष कोष्टा, विभागाध्यक्ष फाइन आर्ट कॉलेज, जबलपुर, श्रीमती दीपा अग्रवाल संचालिका आकृति इस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट श्रीदनासर आर्टिस्ट में अपनी उपस्थिति प्रदान की और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत संस्था प्रमुख अखिलेग मेवन द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में 943 माय एफ.एम का सहयोग रहा। इस अवसर पर अभिभावकों को गीत संगीत से जोड़े रखने के लिए विद्यालय के संगीत विभाग के लगभग 30 छात्र-छात्रओं ने संगीत शिक्षकों गुंजन दुबे, दिनेष सिंह, अनिल पाठक अंकितेष श्रीवास्तव के निर्देशन में अपनी गायन, नृत्य व वाद्य कला का सुंदर प्रदर्शन

किया। इस प्रतियोगिता में 1048 प्रतिभागियों ने भाग लेकर सिंगल थीम नेचर पर एक कैम्पस ड्राइंग में मैक्सिमम प्रतिभागियों की संख्या के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया। जो कि पूरे शहर एवं प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।प्रतियोगिता के दौरान कोविड-19 के समस्त प्रोटोकाल का पालन किया गया।

पुरस्कार वितरण 08 जनवरी

पुरस्कारों का वितरण 08 जनवरी गुरुवार को जॉय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कैम्पस ऑफ जॉय विजय नगर प्रांगण में जॉय के स्थापना दिवस के अवसर पर किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अखिलेष मेबन, प्राचार्या रश्मि मिश्रा, उप प्राचार्या नीनूमेबन, कैप्टन तनय मेबन, कार्यालय अधीक्षक प्रदीप वलेछा तथा कला शिक्षिका ऋचा प ंडित की भ ूमिका महत्वपूर्ण रही, वंदना शर्मा, मोनिका पोपली तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा बड़ी स ंख्या में अभिभावक उपस्थित रहें।

चरमराई सफाई व्यवस्था

एस्सेल ने पेटी पर दिया डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का ठेका

साल 2016 में एस्सेल कंपनी को दिया गया था ठेका

जबलपुर, यशभारत। ठेका प्रथा के चलते शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। दरअसल नगर निगम ने एस्सेल कंपनी को वर्ष 2016 में घरों से कचरा उठाने के लिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के तहत ठेका दिया था। जिसे कंपनी ने अब पेटी कांट्रेक्ट पर किसी जबलपुर वेस्ट कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन मेनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को दे दिया है।

इसका खुलासा गत दिनों वेतन न मिलने से नाराज डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों के हडताल पर जाने पर हुआ है। क्योंकि हडताल पर गए कर्मचारियों की मांगे मानते हुए पेटी ठेकेदार ने लिखित में ये आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाएगा। किसी को नहीं निकाला जाएगा। पीएफ की कटौती भी की जाएगी।

संसाधन नहीं भी फिर भी डेढ करोड का भुगतान

पहले ठेका उसमें भी पेटी कांक्ट्रेट पर दी गई सफाई व्यवस्था के चलते अभी अधिकांश वार्डों के घरों से कचरा नहीं उठ रहा है। सफाई व्यवस्था पटरी से उतर रही है। पेटी ठेकेदार के पास न तो कचरा उठाने के लिए वाहन है न अन्य संसाधन। नगर निगम ने कचरा गाडी व संसाधन उपलब्ध करवा रहा है। बावजूद इसके हर महीने डोर टे डोर कचरा कलेक्शन के नाम पर करीब डेढ करोड रुपये का भुगतान भी किया रहा है।

ठेका शर्तों की अनदेखी

पिछले दो वर्षों से एस्सेल कंपनी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को लेकर लापरवाही बरत रही है। अब तो उसने अपना ठेका भी दूसरे को दिया है। ठेका शर्तों के विपरित कार्य करने के बावजूद नगर निगम एस्सेल को टर्मिनेट करने की बजाए ढोए जा रहा है। जबकि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियां शुरू हो गई है।

भगवान सूर्य समस्त रोग हर्ता हैं- ब्र. चैतन्यानंद

जबलपुर। बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में विश्वकल्याणर्थ पौष मास के पावन अवसर पर एक माह का सूर्य अर्चन पर आज द्वितीय रविवार को विशेष माना गया है इस अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक किया गया तत्पश्चात 3100 गुलाबों के पुष्पों से अर्चन किया । ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा भगवान सूर्य का अर्चन किया गया इस अवसर पर भक्तों को सूर्य के विषय मे जानकारी देते हुए ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने बताया कि पौष मास के पावन योग में सूर्य अर्चन के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि सूर्य भगवान समस्त रोगों का निवारण करते हैं सांस्कृतिक साहित्य में मयूर कवि का कुष्ठ रोग भगवान सूर्य की आराधना से ही ठीक हुआ इसी प्रकार भगवान सूर्य अनेक रोगों का निवारण करते हैं भगवान सूर्य पंचायतन देश में भी प्रमुख माने जाते हैं क्योंकि वह हमारे बीच प्रत्यक्ष रूप से रहते हैं और हम उनके प्रत्यक्ष रूप में ही दर्शन करते हैं अत: भगवान सूर्य को अर्ध्यदान,पूजन और गुलाब पुष्पों के अर्चन से समस्त कामनाओं की सिद्धि होती है । आज के सूर्य अर्चन पर उपस्थित आचार्य राजेन्द्र शास्त्री ,विवेक शर्मा ,मधु यादव,पंकज दुबे,नर्मदा शर्मा,संजय गुरु,पंकज शुक्ला ,वीरेंद्र सोनकर ,श्याम चौदहा,भास्कर घुराटिया, कुमारी अर्पिता वर्मा,आशीष चौकसे,हेमंत मिश्रा ,मनोज सेन आदि उपस्थित थे ।

भावना एसो.का वार्षिक केलेंडर विमोचित

जबलपुर यशभारत। भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन का 10वां वार्षिक समारोह एवं नववर्ष कैलेण्डर का विमोचन हरिशंकर परसाई भवन में सम्पन हुआ।कार्यक्रम के प्रथम चरण में सेवानिवृत्त एवं कार्यरत् केन्द्रीय कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई जिसमें प्रधानमंत्री एवं स्थानीय दोनों सांसदों को 11 सूत्रीय भेजे गये मांग पत्र की जानकारी दी गई ।भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.एस. तिवारी ने 11 सूत्रीय मांगों में बताया कि रेलयात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हाउस रेंट देने, सेवानिवृत्त मजदूरों को रेलयात्रा में फ्री पास देने, जबलपुर में सी.जी.एच.एस. की 15 डिस्पेंसरी तक बढ़ाने के साथ इटारसी एवं कटनी में डिस्पेंसरी खोलने कोरोना में मृतक परिवार के एक सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति देने जैसी अन्य मांगें बहाल करने की मांग की।गीतकार राजेश ठाकुर एवं हास्य कलाकार बलराम वर्मा द्वारा प्रस्तुत गीत एवं हास्य कार्यक्रम पेश किए। कैलेण्डर का विमोचन मुख्य अतिथि सी.जी.एच.एस. के अपर 7 निर्देशक डॉ. आर.पी. रावत एवं कार्यालय अधीक्षक शिवलाल कुंटल की उपस्थिति किया।

बुजुर्गो की निलंबित सुविधाएं बहाल करने की मांग

कार्यक्रम में एसोसिएशन के डी. के. सिंह, हरजीवन विश्वकर्मा, एच.एल. जागडे, दिनेश चौरे, आर.बी. शाह, टी.के. रायघटक केदार दुबे आर आर दुबे विनायक राव सोरते. एस. के. श्रीवास्तव नंदलाल कोष्टा एस. के. झा. अब्दुल रहमान अर्जुन कुमार टी.के. रायघटक ए.के. स्थापक लखन लाल प्रजापति एन.पी. सिंह प्रीतन यादव आदि उपस्थित थे।

चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

अंडर ब्रिज और जमघट कैफे से चुराए थे 20 हजार के मोबाइल

जबलपुर, यशभारत। मदनमहल पुलिस ने दो दिन पहले मोबाइल चोरी कर फरार हुए दो आरोपियों को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। दोनों ने मदनहल के अंडर ब्रिज और एक कैफे में दो मोबाइल और अन्य सामान चुराकर फरार हो चुके थे। जिनसे पुलिस ने करीब 20 हजार के मोबाइल चुराए है। पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले रश्मि तिवारी और आदित्य पार्से ने मदनमहल में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अंडर ब्रिज और जमघट कैफे से उनके मोबाइल चोरी हो गए है। घटना की शिकायत होने के बाद पुलिस आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी थी।

सीसीटीव्ही से हुई पहचान

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद जब सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए तो दोनों आरोपी बैग से और जमघट कैफे में टेबिल में रखा हुआ मोबाइल चुराते हुए दिख रहे थे। जिनकी शिनाख्त होने पर दोनों आरोपी अज्जू उर्फ अजय और हर्षित दुबे दोनों निवासी धनवंतरी नगर को दबोच लिया है। जिनके पास से करीब बीस हजार के दो मोबाइल जब्त किए गए है।

रंजिशन दिया वारदात को अंजाम

पनागर में बाप से मारपीट कर बेटे पर किया रॉड से हमला

जबलपुर, यशभारत। पनागर में घर जा रहे बाप-बेटे पर शराब पी रहे आरोपियों ने रंजिशन गालीगलौच कर, लोहे की रॉड से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। शोर मचाने पर दोनों मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया हे। जानकारी अनुसार लिक्खू कुशवाहा 50 वर्ष निवासी कछनिया मोहल्ला पनागर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अपने बेटे किशन कुशवाहा के साथ बिल्लू कुशवाहा के खेत से होते हुये पैदल अपने घर जा रहा था, वहीं खेत पर मोहल्ले के दुर्गेश एवं भोला कुशवाहा दोनों बैठकर शराब पी रहे थे दोनों उसके बेटे किशन से गालीगलौज करने लगे, किशन ने गालीगलौज करने से मना किया तो दोनों ने रॉड से हमला कर किशन को गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसने एवं प्रमोद ने बीचबचाव किया तो दोनों मौके से भाग गये।

कबाड़ी को लोडिड वाहन ने कुचला

जबलपुर, यशभारत। मझौली में दरमियानी रात गोहलपुर निवासी कबाड़ी सामान लेकर अपने घर आ रहा था। तभी मेन रोड पर लोडिड वाहन ने बाइक सवार कबाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत छिड़ककर रोड से करीब दस फिट दूर जा गिरा और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना में कबाड़ी के सिर में गंभीर चोट थी।

खुल गया सिर, कबाड़ लेकर जा रहा था घर, घटना स्थल पर ही तोड़ दिया दम

सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार गोहलपुर निवासी नद्दू नदीम 33 वर्ष पिता मोहम्मद अजीज सामान लेने मझौली गया था और दरमियानी देर रात बाइक से अपने घर गोहलपुर लौट रहा था। तभी मेन रोड पर किसी अज्ञात वाहने ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें घटना स्थल पर ही नद्दू की दर्दनाक मौत हो गयी। आसपास से गुजर रहे लोगों ने मौके पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

दो बच्चियों के सिर से उठ गया पिता का साया

जानकारी अनुसार नद्दू नदीम की दस वर्ष पहले ही शादी हुई थी। जिसकी दो बच्चियां हुस्निदा और हुमैरा है। आज जैसे ही पिता की मौत की खबर उन्हें मिली तो वह चीख पड़ी और अपने पिता को वापस लाने की, परिजनों ने जिद करने लगी। जिसके बाद पुलिस और रिश्तेदारों ने जैसे-तैसे उन्हें और परिजनों को सम्हाला। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

देश के गाँव अब आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हैं- गिरिराज सिंह

जबलपुर। केन्द्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह व केन्द्रीय खाद्य व प्रसंस्करण उद्योग व जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने तिलवारा स्थित उन्नत किसान सुभाष भाटिया के ग्रीन बेम्बू नर्सरी का भ्रमण किया। जहां बांस के पौधे तैयार होने से लेकर उसके बनने वाले उत्पाद के उपक्रम को देखा। मंत्री द्वय ने श्री भाटिया की नर्सरी से रोपित बांस के वृक्षारोपण कर तैयार बांस की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री सिंह ने बताया कि जबलपुर के किसान सुभाष भाटिया नार्थ ईस्ट से भी श्रेष्ठ बांस तैयार कर रहे है। साथ ही इस अवसर पर पाटन के कन्तोरा गाँव से संचालित कृषक उत्पादक समूह मैकलसुता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के 211 दिनों में एक करोड़ टर्न ओवर पार करने पर शुभकामनायें दी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली तब ग्रामीण आजीविका में दो करोड़ सदस्य थे।

शिवनगर में बमबाजी से दहशत

दहशत फैलाने दिया घटना को अंजाम,पीड़ित परिवार दहशत में, एफआईआर दर्ज

जबलपुर, यशभारत। मदनमहल के शिवनगर में आज सोमवार की दोपहर बदमाशों से अचानक एक घर में बम पटक दिए। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं परिवार भी दहशत में आ गया। धमाकों की आवाज से पूरी कॉलोनी कांप गयी। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार अजीत सिंग निवासी शिवनगर ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि रंजिश के चलते आरोपियों ने उसके मकान की दीवाल में बम फेंक दिए। जिससे घर के खिड़की और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गये। गनीमत यह रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पीड़ितों को आशंका है कि जब दिनदहाड़े बदमाश घर में बमकांड को अंजाम दे सकते है तो कल प्राणघातक हमला भी कर सकते है। पुलिस आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

नि :शुल्क कृत्रिम हाथ लगाने का केम्प

जबलपुर। घर की पाठशाला और हरि-कृष्णा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क कृत्रिम हाथ का केम्प जबलपुर में जल्द ही आयोजित किया जाएगा । इस केम्प में जिन लोगो के हाथ कोहनी से नीचे कटे हुवे है, ऐसे लोगो को *अमेरिका*में बना कृत्रिम हाथ बिल्कुल मुफ्त* में लगया जाएगा। यह हाथ लगने के बाद व्यक्ति बहुत से काम कर सकता है, जैसे लिखना, चमच्च पक? के खाना, बाइक कार या साईकल चलाना, रोटी बेलना, सब्जी काटना, रसोई का काम, समान उठाना, ब्रस करना, मजदूरी का काम करना और भी बहुत कुछ कर सकते हैं।

* घर की पाठशाला * की संस्थापक सोनू भाटिया, ऋषि सागर पल्लवी गुप्ता ने बताया कि इस हाथ की किम्मत 15000 रुपैये है, जो इस कैम्प में बिल्कुल नि:शुल्क ही लगाया जा रहा है। इसमें किसी भी तरह का ऑपरेशन नही करना प ?ता हैं। ये हाथ घड़ी की तरह कभी भी लगाया या खोला जा सकता है।यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हो जिनका हाथ कोहनी से नीचे कटा हुआ हो, और मूल हाथ का कम से कम 3 इंच हिस्सा मौजूद हो ऐसे लोगो तक ये जानकारी पहुचाये।

इसका रजिस्ट्रेशन शूरु हो गया है। घर की पाठशाला की संस्थापक सोनू भाटिया, ऋषि सागर पल्लवी गुप्ता के पास रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। और लाभार्थीओ का उचित संख्या में रजिस्ट्रेशन होते ही केम्प आयोजित किया जायेगा।ये कार्य निरंतर शुरू ही रखा जाएगा। तथा पूरे मध्य प्रदेश में ये कार्य्रकम किया जाएगा।

घर की पाठशाला

रजिस्ट्रेशन के लिए इस नंबर पर व्हाट्सएप करे ।
8989891139,
94070 20359
74893 76919

हनुमानताल थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी सम्मानित

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर में हनुमानताल की मुस्तैद पुलिस की कार्यप्रणाली से संतुष्ट होकर क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी जी का पुष्पहारों से स्वागत करते हुए सम्मान किया। श्री गोल्हानी की कार्यप्रणाली गरीबों को न्याय और अन्याय के खिलाफ सख्त कार्रवाई के मूलमंत्र से आज समूची क्षेत्र की जनता राहत महसूस करती है।

अब बिना ट्रेन की टिकट कैंसिल किए बदलें यात्रा की तारीख, जानें कैसे

जबलपुर यशभारत। कई बार होता है कि हम ट्रेन की टिकट बुक करवा लेते हैं। ऐन मौके पर प्लान रद्द हो जाता है। ऐसे में टिकट कैंसिल करवानी पड़ती है। वह पैसे भी कट जाते हैं। हालांकि रेलवे के नियम के अनुसार यात्रियों के पास अन्य विकल्प होता है। ऐसी स्थिति में यात्रा को पोस्टपोन कर सकते हैं। वह बोर्डिंग भी स्टेशन बदल सकते हैं।

ऐसे बदले बोर्डिंग

यात्री स्टेशन मैनेजर को लिखित में पत्र लिखकर या ट्रेन छूटने के 24 घंटे पहले किसी कंप्यूटाइज्ड रिजर्वेशन सेंटर पर जाकर बोर्डिंग स्टेशन को बदलाव कर सकते हैं। यह सुविधा ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों टिकटों पर मिलती है।

सफर का कर सकते हैं विस्तार

अगर यात्री सफर को आगे बढ़ाना चाहते है। यानी जिस स्टेशन तक टिकट बुकिंग करवाई है। उसके आगे स्टेशन तक जाना है। तब इसके लिए यात्री को गंतव्य तक पहुंचने से पहले या बुक सफर के पूरा होने के बाद टिकट चेकर स्टाफ से संपर्क करना होगा। वह उन्हें सफर की जानकारी देनी होगी।

एक बार ही बदल सकते हैं तारीख

भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अनुसार स्टेशन काउंटर पर बुक किए गए टिकट की तारीख को एक बार ही बदलवाया जा सकता है। भले की सीट कंफर्म या वेटिंग में हो।

संपादकीय

कोताही के हादसे

यह बेहद कष्टदायी है कि नये वर्ष की शुरुआत ऐसे हादसों से हुई जिन्हें टाला जा सकता था। हमारा तंत्र उन आशंकाओं से बेखबर रहता है जो कभी भी हकीकत में त्रासदी का सबब बन सकती हैं। अब चाहे यह वैष्णो देवी में भगदड़ में बारह लोगों की जान जाने का मामला हो या भिवानी में डाडम खनन क्षेत्र में पहाड़ी के टूटने से चार लोगों की मौत हो। गाहे-बगाहे हम ऐसी खबरें सालों से सुन रहे हैं कि धार्मिक स्थलों में भगदड़ से लोगों की मौत हो गई। कुंभ से लेकर छोटे मेलों तक मरने वालों की गिनती होती रहती है। विडंबना है कि हम ऐसा तंत्र विकसित नहीं कर पाये कि एक सीमित व संवेदनशील भू-भाग पर स्थित धार्मिक स्थलों पर भीड़ अचानक बढ़ जाने पर अनुशासित व्यवस्था कर सकें। सवाल कोरोना संकट में तीर्थ पर बड़ी भीड़ को जुटने की अनुमति देने का भी है। नागरिक के रूप में भी हम सिर्फ शासन-प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर दायित्व-मुक्त नहीं हो सकते। जैसा कि बताया जा रहा है कि हादसे से पहले कोई विवाद हुआ, जिसने कालांतर भगदड़ का रूप ले लिया। विडंबना है कि हम आस्था के केंद्रों में भी शालीनता, संयम व सहनशीलता का व्यवहार नहीं करते -यह जानते हुए भी कि पहाड़ी इलाके में स्थित तीर्थ स्थल में हम सामान्य ढंग से आवागमन नहीं कर सकते। इस हादसे से सबक लेकर वैष्णो देवी मंदिर प्रबंधन को भविष्य में ऐसे हादसे टालने को गंभीर कदम उठाने होंगे। वहीं भिवानी में पहाड़ी टूटने से चार लोगों की दबकर मौत होने की घटना विचलित करने वाली है जो प्रकृति के साथ मानवीय निर्ममता से उपजा संकट है। अक्सर खनन का ठेका लेने वाले लोग नियम-कानूनों को ताक पर रखकर खनन को अंजाम देते हैं। पहाड़ों के साथ होने वाले निर्मम व्यवहार का प्रतिफल मनुष्य को ही भुगतना पड़ता है। दुःख है तो इस बात का कि इन हादसों का शिकार ऐसे लोग होते हैं, जिनका इसमें दोष नहीं होता है। दोष होता है तो गरीबी का कि वे अपनी जान जोखिम में डालकर खनन कार्य से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। निस्संदेह अवैज्ञानिक तरीके से पहाड़ी की खुदाई करने से वह दरकी है। उसके आधार में छेड़छाड़ का ही नतीजा रहा होगा कि वह पहाड़ी की ऊपरी सतह का बोझ न सह पाया और आधार कमजोर होने से बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिरा। सवाल यह भी है कि जब एनजीटी ने खनन पर लंबे समय तक रोक लगाई थी, उस रोक को हटाने की अनुमति देते समय इस संकट का आकलन क्यों नहीं किया गया? अक्सर खनन के दबंग ठेकेदार निर्धारित सीमा से आगे जाकर अनाप-शनाप खनन करते हैं, जिससे पारिस्थितिकीय संतुलन गड़बड़ा जाता है जो कालांतर हादसे का सबब बनता है। जिम्मेदार अधिकारियों का फर्ज बनता है कि वे जांच करें कि खनन नियम-कानून के अनुरूप हो रहा है कि नहीं, मगर प्राकृतिक संसाधनों की बंदरबांट में अधिकारी से लेकर राजनीतिक लोगों की भागीदारी हादसों की जमीन तैयार कर देती है।

अतीत से सबक ले चुनौती का मुकाबला

हमारा देश उत्सवधर्मी देश है। अभी दिवाली से लेकर नववर्ष के आगमन तक उत्सव मनाने के दिन थे। कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट के बढ़ते खतरे के बावजूद, सेहत संगठनों, प्रशासन एवं प्रधानमंत्री की चिंताभरी चेतावनियों के बावजूद, सभी के आदेश केवल भाषणों, मीडिया एवं विज्ञापन प्रसारणों का शृंगार रहे। दिसंबर के आखिरी दिनों में बर्फबारी देखने का आनंद लेने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ ने शिमला से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी स्थलों का रुख किया। सभी होटल और रुकने के स्थल भर गये। शिमला में तो गाड़ियों की पार्किंग की जगह नहीं रही। अतः कायदे तोड़ कर जहां जगह मिले, वहीं गाड़ी पार्क कर लो, का अलिखित नियम लागू हो गया।

किसान इस बीच दिल्ली मोर्चा विजय कर लौटे अपनी नयी प्राप्त राजनीतिक शक्ति को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे। टोल प्लाजा की दरें बढ़ने से लेकर कर्ज माफी और एमएसपी देने की अनिवार्यता तक के मुद्दे पर उनके धरने पंजाब में लग गये। रेल ट्रैक भी निशाना बने। पंजाब से गुजरने वाली हर रेलगाड़ी मुल्तवी हो गयी। परिवहन व्यवस्था चरमरा गयी। रेलें बन्द तो बसों पर यात्रियों का रिकार्ड बोझ बढ़ गया। वैष्णो देवी में अटक गयी भारी भीड़ को इनके द्वारा निकालना एक समस्या बन गयी।

'हम नहीं सुधरेंगे' के अंदाज में अब जबकि नये वर्ष का उत्सव भी इस भीड़ भरे अंदाज में मना लिया गया है। कोरोना महामारी की तीसरी लहर के आगमन की चिंता भरी खबरें आने लगी हैं। कई महीनों तक देश में टीकाकरण के रिकार्ड तोड़ अभियान के कारण विशेषज्ञ यह कह रहे थे कि भारत में कोरोना की तीसरी लहर का आना स्थगित हो गया है। लेकिन अब कई महीनों के बाद कोरोना के केस बढ़ने लगे और वह भी ओमीक्रोन वेरिएंट के।

एक केस कर्नाटक से शुरू हुआ था। एक पखवाड़े में ही इसने देश के सत्रह राज्यों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। एक से बढ़कर केस साढ़े तीन सौ के पार चले गये। यह वृद्धि लगातार जारी है। सरकार 'हर घर टीकाकरण' और 'ट्रेसिंग, टैस्टिंग और टीकाकरण' की त्रिमुखी नीति के साथ इससे निपटने की नीति में नया दम भरना चाहती है। लेकिन वास्तविकता यह है कि पिछले कुछ महीनों में कोरोना का दबाव कम हो जाने से टीकाकरण की गति धीमी हो गयी थी। यहां तक कि टीकों के भारतीय उत्पादन को जरूरत से अधिक मानकर अधिक जरूरतमंद देशों में निर्यात करने की घोषणा भी हो गयी थी, सिरिंज बनाने वाली फैक्टरियों ने भी उत्पादन कम कर दिया था, ऐसी खबरें मिलीं। अब पुनः इस अभियान के लिए कमर कसनी होगी। घर-घर ट्रेसिंग, टैस्टिंग और टीकाकरण की घोषणा में नये प्राण डालने होंगे।

लेकिन क्या टीकाकरण ही इस लौटती महामारी की अंतिम दवा है? चिकित्सा विशेषज्ञ कहते हैं, 'जी नहीं।' ये टीके तो मात्र संक्रमित हो सकने वाले व्यक्तियों की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, रोग के जड़ से उन्मूलक नहीं। इसके लिए इन टीकों को नये आविष्कार और शोध के साथ रोग को जड़ से उखाड़ देने वाला बनाना होगा।

कोरोना धूर्त है। पल-पल अपना रूप बदलता है। नये वायरस अपना तांडव दिखाते हैं। इसलिए न केवल ये टीके ऐसे बनें कि इन वायरसों की जड़ से खबर लें। बल्कि यह भी कहा जा रहा है कि अगर अब अपनी दुनिया कोरोना को हमेशा के लिए विदा नहीं कर सकती। फ्लू की तरह हर बरस इसका आगमन होता ही रहेगा। तो फ्लू के उपचार की तरह टीकों में निरंतर शोध चले, सेहत लाभ देने वाले तत्व इनमें शामिल होते रहें। मात्र रोग का मुकाबला करने के लिए रोगी की क्षमता बढ़ाने वाले टीके से काम नहीं चलेगा। अब एक ऐसा टीका बनाया जाये जो कोरोना में पनपने वाले हर वायरस की खबर ले और उसे बृहद स्तर पर पनपने न दे।

लेकिन अभी देश में ओमीक्रोन वेरिएंट वाले जिस कोरोना को त्वरित गति से चलने वाला रोग मान कर हम इसकी रोकथाम कर रहे हैं, इसके उपचार पुराने हैं। पहले तो यह माना जा रहा है कि रोगियों का इलाज पहले डेल्टा या डेल्टा प्लस वेरिएंट वाले में उपचार से हो जायेगा। वही पैरासिटामोल और ताकत बढ़ाने वाले विटामिन।

लेकिन रोग के इस नये रूप का मुकाबला करने के लिए नयी उपचार विधि अपनायी जाये। दूसरी लहर में की गयी गलतियां न दोहरायें। केवल घोषणा ही न हो कि इस बार आक्सीजन के सिलेंडरों और वेंटिलेटरों की कोई कमी न होने दी जायेगी, बल्कि यह देख लिया जाये कि क्या इनकी आपूर्ति हो गयी है? इनके इस्तेमाल के लिए निपुण परिचर्या करने वाले यथा स्थान पहुंच गये हैं। अभी तो हालत यह है कि चिकित्सा कर्मी जिन्हें कोरोना से जूझने वाले रणबांकुरों की प्रथम पांत कहा जाता है, वे अपनी अपूर्ण मांगों को लेकर पंजाब और अन्य जगहों पर हड़ताल पर हैं। ये हड़तालें निपटाइये, ताकि रोगियों की जान बचाने वाले संतुष्ट होकर पूरी शक्ति से रोगियों की सेवा में जुटे और उनकी जानें बचायें।

चाहे यह कहा जा रहा है कि ओमीक्रोन कोरोना बहुत तेजी से फैलता है, लेकिन कम खतरनाक है और रोगी को अस्पताल ले जाने की कम जरूरत पड़ती है। लेकिन अभी यह अध्ययन सौ प्रतिशत सत्य सिद्ध नहीं हुआ। अभी से प्रशासन तंत्र को सावधान होने की जरूरत है। दवाओं की चोरबाजारी, आक्सीजन सिलेंडरों, वेंटिलेटरों की बनावटी कमी और निजी अस्पतालों की चांदी काटने की मारामारी इस बार न हो, जैसा कि पिछली बार हुआ था।

तकनीकी और आंकड़ा विशेषज्ञ अभी से बता रहे हैं कि यह नया वर्ष कोरोना की तीसरी लहर ला रहा है। फरवरी मास तक इसके शिखर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए इससे जूझने वाली रणनीति को लागू कर दिया जाये।

जब यह लहर बता रही है कि इस बार इस महामारी की गिरफ्त में बूढ़ों के साथ बच्चे और गर्भवती औरतें अधिक आयेंगी तो बच्चों का टीकाकरण तत्काल शुरू किया जाये, जैसा कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में किया जा रहा है। जब अन्य देश कोरोना की तीसरी बूस्टर डोज लगाने की शुरुआत कर चुके हैं तो भारत में इसके फैसले में पीछे क्यों रहना? तत्काल बूस्टर डोज लगाने और बच्चों को टीका लगाकर सुरक्षित किया जाये, ताकि लगभग दो वर्षों के बाद जो जिंदगी सामान्य गति पकड़ रही है, उसमें हतोत्साह के अवरोध न खड़े हो जायें।

अभी से कई राज्यों में इस कोरोना से एहतियात के प्रतिबंध लगने लगे हैं, पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव टालने की बातें होने लगी हैं। यह भविष्यवाणी भी हो रही है कि इस नये साल में आम आदमी को महंगाई की दुश्वारियों और परेशानी से अधिक जूझना पड़ेगा।

ये आसार बताते हैं कि इस बार चिकित्सा बिरादरी अपनी कमर अधिक कसें। महामारी से उभरने वाले मौतों के सैलाब को उठने न दें। जिंदगी को अधिक से अधिक सामान्य रखने की कोशिश की जाये। पिछले दो साल की पूर्ण अपूर्ण बन्दिशों ने हमारी अर्थव्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। इसे पुनः जीवनदान देना है। इसमें कोताही न हो।

-सुरेश सेठ

लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।

अपने अनुकूल नजरिया बदलने की कला

इस शताब्दी के 21 साल बीत गए। नये वर्ष की शुरुआत हो चुकी है। प्रत्येक व्यक्ति की यह कामना होती है कि नये वर्ष का जीवन एवं कार्य पुराने वर्ष से अच्छा हो। किसी भी वर्ष को सफल बनाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि व्यक्ति को दूसरों के साथ कार्य एवं व्यवहार की समझ हो। कई संबंध केवल इसलिए बिखर और बिगड़ जाते हैं क्योंकि व्यक्तियों को दूसरों के नजरिए को प्रभावित करने की कला नहीं आती।

दूसरों पर नियंत्रण के लिए यहां किसी जादू की बात नहीं की जा रही है, अपितु एक मनोविज्ञान के नियम को उजागर किया जा रहा है। इस नियम को जानकर प्रत्येक व्यक्ति दूसरों के कार्य और दृष्टिकोण पर सहजता से नियंत्रण पा सकता है। क्या आपको यह ज्ञात है कि जिन मामलों में आपके साथ अशिष्ट व्यवहार हुआ, आपको निम्नतर आंका गया, उनमें से 95 प्रतिशत मामलों में दरअसल आपने खुद ऐसी स्थिति की मांग की थी। उस समय आप सामने वाले के कार्य को नियंत्रित कर रहे थे और उसे मजबूर कर रहे थे कि वह आपके साथ अशिष्टता करे।

यह पढ़कर आपको अचरज हो रहा होगा कि भला यह कैसे हो सकता है? लेकिन यह सत्य है। मनोविज्ञान का नियम जानकर आप भी उपरोक्त कथन से सहमति जताए बिना नहीं रह पाएंगे। मनोविज्ञान का नियम है कि व्यक्ति सामने वाले द्वारा किए गए कार्य अथवा कथन पर समान प्रतिक्रिया करता है। समान प्रतिक्रिया करना सहज है लेकिन इससे मिलने वाले परिणाम आश्चर्यजनक हैं। हम कई बार व्यक्ति को बिना जाने-समझे ही उसके बारे में निर्णय कर लेते हैं कि वह सही नहीं है। यह धारणा बनाने के बाद हम उससे उसी के अनुरूप व्यवहार करते हैं, जिससे वह नकारात्मक प्रतिक्रिया दे। उसकी नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद हम अपनी पीठ थपथपाते हैं कि अमुक व्यक्ति के बारे में मेरी राय सटीक थी।

अमेरिकी नौसेना के साथ केनयॉन कॉलेज के स्पीच रिसर्च यूनिट ने यह साबित किया है कि जब किसी व्यक्ति पर चिल्लाया जाता है, तो वह व्यक्ति भी पलटकर चिल्लाए बिना नहीं रह सकता, भले ही वह वक्ता को न देख पाए। इस बात को जांचने के लिए फोन और इंटरकॉम पर एक परीक्षण किया गया। वक्ता फोन पर सरल सवाल पूछता था लेकिन हर बार सवाल अलग-अलग स्वर में पूछा जाता था। हैरत की बात यह थी कि जिस सुर में प्रश्न पूछा जाता था, उसी सुर में जवाब आता था। यदि प्रश्न सौम्य और सहज स्वर में होता था तो जवाब भी उसी सुर में। यदि प्रश्न क्रोध और रोषभरे स्वर में पूछा जाता था तो जवाब भी क्रोध एवं रोषपूर्ण होता था। यदि प्रश्न चिल्ला कर पूछा जाता था तो उत्तर भी चिल्ला कर ही मिलता था।

यदि इस मनोवैज्ञानिक परीक्षण को जीवन में इस्तेमाल किया जाए तो प्रत्येक व्यक्ति सामने वाले के क्रोध, डांट एवं नकारात्मक व्यवहार को अपने नियंत्रण में ले सकता है और छोटे से लेकर बड़े संबंध को सुधार सकता है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि व्यक्ति जितनी ऊंची आवाज में बोलता है, उसे क्रोध भी उतना ही तेज आता है। आवाज की गति धीमी रखने पर क्रोध नहीं आता। क्या आपने कभी किसी को मद्धिम स्वर में लड़ते अथवा गुस्सा करते देखा है? नहीं न। लड़ाई एवं क्रोध आवा? की हाई पिच पर ही होते हैं। मनोविज्ञान इस बात को स्वीकार कर चुका है कि नर्म आवाज और मंद स्वर का जवाब क्रोध एवं लड़ाई को मोड़ देता है।

उपरोक्त तथ्य को जानने के बाद सामने वाले की भावनाओं एवं मूड को आश्चर्यजनक तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। इसे अप्रत्यक्ष रूप से जादू कहा जा सकता है। लेकिन यह आश्चर्यजनक कमाल जादू का नहीं बल्कि मनोविज्ञान के नियम का होता है। कई बार व्यक्ति को जब बहुत अधिक क्रोध आ रहा होता है तो वह कुछ नहीं देखता। उस समय उसकी आंखों में क्रोध एवं विध्वंस की लालिमा तैरने लगती है। यह लालिमा चिंगारी बनकर फूटे और नुकसान कर दे, इससे पहले इसे रोक लेना चाहिए। इसे रोकने के लिए तुरंत अपनी आवाज नीची कर लेनी चाहिए। आवाज नीची होने पर दूसरे पक्ष को भी अपनी आवाज नीची करनी पड़ेगी। मगर हां इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि यह कार्य मामला बिगड़ने से पहले करना है। यदि सामने वाले का क्रोध हमने तेज-तेज बोलकर चरम पर पहुंचा दिया तो फिर बात हाथ से निकल सकती है। इसके बाद हम कितने भी प्रयास करें लेकिन कमान से निकला तीर वापस कमान में डालना असंभव है।

यह बात क्रोध एवं लड़ाई के साथ अन्य कई मामलों में भी कारगर सिद्ध होती है। कई व्यक्ति स्वयं से इतने परेशान होते हैं कि वे नकारात्मक अधिक बोलते हैं, इसी तरह कई लोगों की बेवजह शिकायतें करने की आदत अधिक होती है। यदि हम भी उनके रंग में ढल जाते हैं तो मानवता का अवसान होने लगता है और संबंध बिखरने लगते हैं। संबंधों को जोड़ने के लिए मनोविज्ञान के 'नियंत्रण के नियम' को सीखना और उस पर अमल करना अनिवार्य है। ऐसा करके हम साल के सभी दिन जीवन में खुशी, सफलता, उत्साह एवं जोश के रंग भर सकते हैं।

रेनू सैनी

आप का राशिफल 4 जनवरी

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

फिल्म वर्ग पहेली - 5698



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उगंली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमुता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले में चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5697

Jagrutidaur.com, Bangalore

सेहत

सेहत बचाने में काम आएंगे अदरक, लहसुन, तुलसी, नीम, काली मिर्च

इन दिनों लोग वातावरण में फैल रहे स्मॉग या वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं। स्मॉग के प्रदूषक तत्व सांस के जरिये हमारे शरीर में पहुंच जाते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होते हैं। ये कुछ समय बाद फेफडों की कार्यक्षमता को प्रभावित करते हैं। साथ ही हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, डायबिटीज, साइनोसाइटिस आदि स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। प्रदूषण से बचने के लिए जरूरी है कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो। प्रदूषण के अति सूक्ष्म तत्व, जिन्हें मेडिकल की भाषा में फ्री-रेडिकल्स बुलाया जाता है, को साफ करने के लिए शरीर को विषैले पदार्थों से मुक्त कराना जरूरी है। यह तभी होता है, जब आपका पाचन तंत्र अच्छी तरह काम कर रहा हो। आयुर्वेद के हिसाब से आपका पाचन तंत्र ठीक होगा तो शरीर में त्रिदोष- वात, पित्त और कफ कम होंगे, आव नहीं बनेगा, पाचन प्रक्रिया सुचारु चलेगी और खांसी-जुकाम, सांस लेने में दिक्कत नहीं होगी। वातावरण में फैले प्रदूषण का सामना करने और प्रतिरोधक क्षमता को दुरुस्त करने के लिए आयुर्वेद दैनिक जीवन में अदरक, लहसुन, तुलसी, नीम, काली मिर्च, पीपली जैसी चीजें अपनाने पर बल देता है।

आपको नाक को साफ रखने के लिए गाय के शुद्ध घी की एक-एक बूंद सुबह-शाम नाक में डालनी चाहिए। इससे सांस की नली साफ हो जाती है, जिससे सांस लेने में दिक्कत नहीं होती और हानिकारक तत्व फेफ्डों तक नही पहुंचते।

' फेफ?ों को साफ करने में गुढ बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद आयरन हमारी धमनियों को भी साफ करता है, जिससे ब्लड में ऑक्सीजन की आपूर्ति तेज होती है और श्वास संबंधी दिक्कत कम होती है। रोजाना 5 ग्राम गुढ का सेवन करना चाहिए। रात को गर्'म दूध के साथ सोते समय भी गुढ ले सकते हैं। इसे दिन में कभी भी खा सकते हैं। चाहे तो चाय में गुढ भी डाल सकते हैं और इसकी सहायता से तिल के लड्डू भी बना सकते हैं।'

रात को सोते समय त्रिफला ले सकते हैं। यह आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढाने के साथ पाचन तंत्र को भी सुचारु करने में मदद करेगा। एक चम्मच त्रिफला शहद, गुनगुने पानी या दूध के साथ ले सकते हैं। इसे शहद के साथ लेना ज्यादा फायदेमंद है। बच्चों के लिए त्रिफला का सिरप भी विशेषज्ञ के पास उपलब्ध होता है। जरूरतमंद बच्चे को सोते समय एक चम्मच सिरप दे सकते हैं। त्रिफला हमारे शरीर के तीन दोषों- वात, पित्त और कफ को सम प्रकृति में रखने में सहायक है। यानी ये दोष अगर बढे या घटे हुए हैं तो त्रिफला उन्हें संतुलित कर देता है।खट्टे फल जरूर लेने चाहिए। संतरा, नीबू,ऑरेंज जूस बहुत अच्छे होते हैं। ये हृदय के लिए भी अच्छे होते हैं।' दिन में दो बार अदरक की चाय पीना फायदेमंद है। आधा चम्मच अदरक के रस में आधा चम्मच शहद मिलाकर लें। अदरक इम्यूनिटी को बढाती है और सांस से जुडी समस्याओं में फायदेमंद है।' गले में खराश महसूस हो रही हो तो अदरक का काढा पिएं। एक गिलास में छोटा-सा अदरक का टुकडा बारीक काटकर, 4-5 पत्ते तुलसी और 2-3 दाने काली मिर्च के मिलाकर दो कप पानी में उबालें। पानी आधा रह जाए तो छानकर पी लें। ऐसा दिन भर में 2-3 बार करें। इससे गले की खराश कम होगी और श्वसन तंत्र दुरुस्त होगा। अगर बलगम की शिकायत है तो उस काढे में थोडा रॉक सॉल्ट मिला लें।' पिसी काली मिर्च को शहद के साथ लेने से सीने में जमा कफ दूर होता है, सांस संबंधी समस्या से बचे रहेंगे।'

सूडोकू नवताल- 6202

✷✲✲✲✲ सरल

7	8	6		1		5		2
	9			8				3
1			6	9		7		
	3	8	2		1			
2	7	5				6	3	1
			5		7	2	8	
		9		7	4			6
8				2			5	
4		2		5		9	1	7

Jagruti

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकू नवताल -6201 का हल

2	9	5	3	1	4	6	8	7
3	6	1	2	8	7	4	9	5
8	4	7	5	9	6	3	2	1
5	7	4	1	6	2	8	3	9
1	3	6	9	4	8	5	7	2
9	8	2	7	3	5	1	4	6
6	2	8	4	7	1	9	5	3
4	5	3	6	2	9	7	1	8
7	1	9	8	5	3	2	6	4

विचार प्रवाह

एक व्यक्ति ने सोचा कि समुद्र में स्नान कर लूं तो सभी तीर्थों के स्नान का फल मिल जाएगा क्योंकि समुद्र में गंगा जमुना सब हैं। समुद्र के किनारे गया और बैठ गया। सुबह से शाम होने को आयी लेकिन वह अब भी बैठा है। किसी यात्री ने पूछा नहाने आये हो तो नहाते क्यों नहीं? वह बोला- मैं सोचता हूं कि लहरें उठना बंद हो जायें तो फिर नहाऊं। यात्री बोला समुद्र कभी शांत नहीं होगा। समुद्र में नहाना है तो लहरों का त्रास तो सहना ही पड़ेगा। जीवन में कठिनाइयां तो बनी ही रहेंगी। धर्म ध्यान करने के लिए उस दिन का इंतजार मत करो, जब सब कुछ ठीक ठाक चल रहा होगा, क्योंकि ऐसा दिन कभी आने वाला नहीं है।

मुनिश्री तरुणसागर

शब्द पहेली - 7262



बाएँ से दाएँ

1.वटवृक्ष, बट-4
4.मितव्यय,बचत-4
6. ......-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8.भाड़ा-3
9.मृत्यु होना-3
11.खुशी, सहमत-2
13.अक्लमंद, समझ वाला-5
15.बलिदान, उत्सर्ग-2
16.जबान, जीभ, जिह्वा-3
18.गिरोह, मंडली, समूह-3
19.अपनापन, प्रेम, स्नेह-3
20.फूलना-फलना-4
22.अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत-4

ऊपर से नीचे

1.कलंकित, निंदित, लांछित-3
2.दुख, शोक, अफसोस-2
3.खात्मा, समाप्ति, बर्बाद-3
4.मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5.संस्कृति, सभ्यता-4
7.स्पर्श, छूना-3
10.ख्याति अर्जित करना (मु.-2,3)
12.वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय-4
14.परंपरा, नियम, चाल -3
17.ख्याति, जाना-पहचाना-3
18.माला आदि फैरना-3
21.जेबकतरा, ठग, डाकू-2

शब्द पहेली -7261 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

सवा तीन लाख छात्र-छात्राओं को कराएंगे जंगल की सैर

भोपाल। अनुभूमि कार्यक्रम के तहत ईको पर्यटन विकास बोर्ड दिसंबर 2022 तक सरकारी व निजी स्कूलों के सवा तीन लाख विद्यार्थियों को जंगल की सैर कराएगा। बोर्ड ने इंदौर जिले के एक निजी स्कूल के 43 बच्चों से पिछले माह कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। कार्यक्रम के तहत बोर्ड बच्चों को पर्यावरण और वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जागरूक करता है। बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) सदानंद ने बताया कि प्रदेश के सभी वन क्षेत्रों में कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुभूति शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनवरी में एक लाख 20 हजार सरकारी स्कूलों के

मध्यप्रदेश के सभी वन क्षेत्रों में कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुभूति शिविरों का आयोजन किया जाएगा

विद्यार्थियों को कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। वहीं साल के शेष अवधि में निजी स्कूलों के दो लाख विद्यार्थियों को जंगल की सैर कराई जाएगी। सदानंद ने बताया कि निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को शिविर में आने के लिए शुल्क देना होगा। जबकि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों से

शुल्क नहीं लिया जाता है। सदानंद ने बताया कि ईको पर्यटन के जरिये वन विभाग विभिन्न् स्कूलों के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, पक्षी, तितली, वन्यप्राणी दर्शन के साथ वन प्रबंधन से रूबरू कराता है। इन शिविरों में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स और स्थानीय वन अधिकारी विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं वन्यप्राणियों से संबंधित जानकारी देते हैं। शिविरों में प्रशिक्षित विद्यार्थी वन्यप्राणियों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रभावशाली संवाहक की भूमिका निभाते हैं।

कार में तिजोरी रखकर ले गए थे बदमाश

भोपाल। राजधानी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्राइम ब्रांच की विशेष टीम को लगाया गया था। टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त

बंधन बैंक चोरी मामले में दो गिरफ्तार

हुई कि थाना अरेरा हिल्स क्षेत्र अंतर्गत बंधन बैंक से तिजोरी चोरी करने वाले देखे गए हैं। इस पर अरेरा हिल्स पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर घेराबंदी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनका एक साथी अभी भी फरार है। इन दोनों ने शहर के कुख्यात बदमाश फईम बम के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित बंधन बैंक से फईम की कार में ही 70 किग्रा वजनी तिजोरी को उठाकर ले गए थे। एसपी क्राइम ब्रांच अंकित जायसवाल के अनुसार अरेरा हिल्स और क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर भेजा गया था। जहां दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे। उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया था। थाने लाकर पूछताछ करने पर उनकी पहचान. शकील पिता बशीर उम्र 42 साल निवासी काजी कैंप सुपर बाजार के पीछे थाना हनुमानगंज और और मुन्ना पिता बाबूलाल उम्र 38 साल निवासी कमल झा का मकान चौकी इमामबाडा के रूप में हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनो ने अपने अन्य साथी फईम के साथ मिलकर बंधन बैंक में चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपित बंधन बैंक की शटर का ताला तोड़कर तथा परिसर में लगे सीसीटीवी पर कालिख पोतकर तिजोरी उठाकर ले गए। उन्होंने बताया कि फईम बम की कार में रखकर वे तिजोरी को गांधी नगर के आगे जंगल में ले गए और उसका ताला तोडा था। घटना से एक दिन पहले तीनों ने साथ मिलकर इलाके में रेकी की थी। घटना के मुख्य आरोपित फईम बम के ऊपर मारपीट, अड़ीबाजी, अवैध शिकार जैसे करीब एक दर्जन अपराध भोपाल के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है। आरोपितों से तिजोरी को बरामद कर लिया गया है। मुख्य आरोपित फईम बम की तलाश जारी है।

आर्थिक बोझ झेल रही संस्थाओं को राहत पैकेज देगी सरकार

किसानों की मदद भी होगी, प्रतिवर्ष 25 लाख से ज्यादा किसानों से होती है समर्थन मूल्य पर खरीद

भोपाल। किसानों का हित सुरक्षित रखते हुए आर्थिक बोझ झेल रही संस्थाओं को कर्ज से उबारने के लिए शिवराज सरकार मुख्यमंत्री फसल उपार्जन योजना लागू करने जा रही है। इस योजना में संस्थाओं को क्षतिपूर्ति दिया जाएगा। दरसअल किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उपज का समर्थन मूल्य दिलाने के लिए सरकार गेहूं, धान, मूंग से लेकर अन्य फसल की खरीद करती है लेकिन खरीद करने वाली एजेंसियां कर्ज के बोझ से दबी जा रही हैं। नागरिक आपूर्ति निगम और राज्य सहकारी विपणन संघ की देनदारी 73 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। किसानों को भुगतान करने के लिए एजेंसियां भारतीय रिजर्व बैंक से ऋण लेती हैं। केंद्र सरकार सेंट्रल पूल में जब उपज ले लेती है तो फिर उसका भुगतान होता है। इसमें तीन-चार साल लगते हैं। इस दौरान भंडारण, सूखत, परिवहन, मजदूरी, बारदाना सहित कुछ अन्य नुकसान होते हैं, जिनकी प्रतिपूर्ति नहीं होती है। उपार्जन व्यवस्था प्रभावित न हो और किसानों के हित सुरक्षित रहें, इसके लिए शिवराज सरकार मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना लागू करने जा रही है। इसमें प्रति वर्ष तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रविधान रहेगा, जिससे एजेंसियों की प्रतिपूर्ति की जाएगी।



इस कारण पड़ी जरूरत

प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होने के बाद खेती के क्षेत्र में वृद्धि हुई है। उत्पादन बढ़ने के कारण किसानों में समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की प्रवृत्ति बढ़ी है। वर्ष 2008-09 में गेहूं 15 लाख 70 हजार टन खरीदा गया था, वो 2020-21 में 129 लाख टन से अधिक हो गया है। इसी तरह धान 2008-09 में दो लाख 35 हजार टन खरीदा गया, जो 2020-21 में 37 लाख 29 हजार टन हो गया। इसी तरह दो-तीन साल में दलहल और तिलहन का उपार्जन 15.27 लाख से बढ़कर 24.30 लाख टन हो गया।

यह फायदा होगा

योजना से राज्य के किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए उपार्जन एजेंसियों को धनराशि उपलब्ध कराई जा सकेगी। इससे शासन पर ब्याज भार में कमी आएगी। एजेंसियों को उपार्जन में जो नुकसान होता है, उसकी पूर्ति हो सकेगी और खाद्यान्न् उपार्जन का काम बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा।

इन नुकसानों की होगी प्रतिपूर्ति

प्राकृतिक आपदा से क्षति, केंद्र सरकार के आवंटन से अधिक उपार्जन में होने वाले नुकसान, मिलिंग के अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि का भुगतान, सूखत, भंडारण, ब्याज, परिवहन, प्रशासकीय व्यय और मजदूरी की प्रतिपूर्ति

भोपाल स्टेशन पर नया एफओबी और भवन एस्केलेटर-ट्रेवलेटर से जुड़ेंगे, यात्रियों को होगी सहूलियत

स्टेशन पर दूसरी यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। भोपाल स्टेशन पर रोजाना 130 से अधिक ट्रेनें ठहरती हैं।

भोपाल। भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेवलेटर और ऐस्केलेटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसका फायदा रोजाना 25 हजार से अधिक यात्रियों को होगा। अभी स्टेशन परिसर में केवल दो ट्रेवलेटर हैं। नए ट्रेवलेटर व ऐस्केलेटर मार्च 2022 के अंत तक चालू कर दिए जाएंगे। दरअसल, भोपाल रेलवे स्टेशन के नए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) और प्लेटफार्म एक की तरफ बन रहे निर्माणाधीन भवन को ट्रेवलेटर और ऐस्केलेटर से जोड़ा जाएगा। भवन निर्माण पूरा होने के बाद पांच लेन वाली ड्राप एंड गो सुविधा भी शुरू हो जाएगी। इसके शुरू होने से यात्रियों को स्टेशन के नजदीक तक पहुंचने और यात्रियों को छोड़ने व लेने में मदद मिलेगी। अभी इस ओर केवल एक लेन है, जिसमें बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। बता दें कि भोपाल स्टेशन के विस्तार पर रेलवे का जोर है। इसका काम अलग-अलग चरणों में पूर्व से किया जा रहा है, जिसमें तेजी लाई गई है। निर्माणाधीन नए भवन को नए एफओबी से जोड़ने का काम लगभग अंतिम चरणों में है। इस काम से आसपास के रहवासियों और व्यापारियों को भी फायदा होगा। वे एफओबी की मदद से रेलवे ट्रैक के एक से दूसरी ओर आना-जाना कर सकेंगे। भोपाल स्टेशन पर रोजाना 130 से अधिक ट्रेनें ठहरती हैं। इन ट्रेनों में सामान्य दिनों में 25 हजार से अधिक और अवकाश के विवाह के सीजन में 50 हजार से अधिक यात्री चढ़ते-उतरते हैं।

स्टेशन परिसर में ये काम भी होंगे

— स्टेशन परिसर में हरियाली का दायरा बढ़ाया जाएगा। स्टेशन के नजदीक एक पार्क विकसित करेंगे। स्टेशन परिसर के अंदर पूर्व से बने पार्कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। स्टेशन परिसर में चारों तरफ से बाउंड्रीवाल को मजबूत किया जाएगा। जिन हिस्सों में बाउंड्रीवाल नहीं है, वहा निर्माण की जाएगी। प्लेटफार्म एक की तरफ अतिरिक्त लाइटें लगाई जाएंगी, जो अधिक रोशनी देने की क्षमता वाली होंगी। स्टेशन के दोनों तरफ पार्किंग को सुरक्षित किया जाएगा। बूम बैरियर लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरों की भी संख्या बढ़ाई जाएगी।

ड्रोन से गजराज की निगरानी

करंट रोकेगा कदम

लघु अवधि की योजना में यह होगा

हर गांव में हाथी मित्र दल का गठन। हर वनमंडल पर रेपिड रिस्पांस टीम।जिला प्रशासन और पुलिस के साथ टास्क फोर्स।ड्रोन से सर्चिंग, रेडिया कालर लगाया जाएगा। हाथियों को ट्रंकुलाइज करने का प्रशिक्षण देकर रेस्क्यू टीम को सक्षम बनाया जाएगा। प्रभावित क्षेत्रों में इंटरनेट मीडिया पर ग्रुप बनाकर सूचना तंत्र मजबूत किया जाएगा। हाथियों द्वारा किए गए नुकसान की भरपाई तुरंत करने की कोशिश।जंगलों में स्थित जांच चौकियां पक्की बनाई जाएंगी। मैदानी अमले को वायरलेस और टार्च दिए जाएंगे।

लघु और दीर्घ अवधि की बनेगी योजना

इन विशेषज्ञ ने जो सुझाव दिए हैं। उनके आधार पर लघु और दीर्घ अवधि की योजना बनाई जाएगी। दीर्घ अवधि की योजना में मध्य प्रदह्लेश को हाथी परियोजना में शामिल कराने का लक्ष्य रहेगा। इससे प्रदेश को हाथियों की निगरानी और नियंत्रण का तंत्र मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त राशि मिलेगी।हाथी विशेषज्ञ दल ने बांधवगढ़ क्षेत्र में दो दिन गुजारकर मुख्य समस्या को ठीक से समझा है।

भोपाल । मध्य प्रदेश के जंगलों में घूम रहे 70 से अधिक हाथियों की निगरानी अब ड्रोन से की जाएगी। वे बस्तियों और खेतों में रहने वाले किसान और उनके परिवार को नुकसान न पहुंचा सकें, इसके लिए ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में तार फेंसिंग की जाएगी, जिसमें करंट छोड़ा जाएगा। सौर ऊर्जा से उत्पन्न् यह करंट सिर्फ झटका देगा। हाथी दल के किसी एक हाथी को कालर आइडी भी लगाया जाएगा ताकि दल के विचरण की जानकारी मिल सके। प्रदेश में हाथियों के बढ़ते दखल को देखते हुए हाथी विशेषज्ञों ने यह सलाह दी है। भारत सरकार के हाथी विशेषज्ञ सहित असम व विभिन्न् संस्थाओं के आधा दर्जन विशेषज्ञों ने पिछले दिनों हाथी प्रभावित क्षेत्रों में दो दिन गुजारने के बाद यह सुझाव दिए हैं। मध्य प्रदेश में हाथी बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं, साढ़े तीन साल से 45 हाथियों के एक दल ने बांधवगढ़ क्षेत्र में डेरा डाल रखा है। इस अवधि में हाथियों ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को कुचलकर मार डाला है। दो महीने पहले 25 हाथियों का एक और दल अनूपपुर के रास्ते मध्य प्रदेश में दाखिल हो गया है। धीरे-धीरे बढ़ रही हाथियों की समस्या का समाधान निकालने के लिए सरकार ने प्रदेश के मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक की अध्यक्षता में हाथी विशेषज्ञों का एक दल गठित किया है। जिसमें केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, विश्व प्रकृति निधि संगठन, असम सहित अन्य विशेषज्ञ थे। उन्होंने बांधवगढ़ के हाथी प्रभावित क्षेत्र में दो दिन गुजारे हैं। अब यह दल सरकार को रिपोर्ट सौंपेगा।

अब दल अपनी रिपोर्ट देगा, जिस आधार पर लघु और दीर्घ कालीन योजना बनाकर इस समस्या पर नियंत्रण किया जाएगा।- आलोक कुमार, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्य प्रदेश

एटीएम लूटने की कोशिश कर रहे चार आरोपित गिरफ्तार

पुलिस ने शिकायत पर एफआइआर दर्ज जांच में लगी

भोपाल। कोतवाली के इमामी गेट पर स्थित केनरा बैंक के एटीएम को चार बदमाशों ने तोड़कर उसे लूटने की कोशिश की, लेकिन आरोपित कामयाब नहीं हो पाए। कोतवाली पुलिस ने चार घंटों की मशक्कत के बाद चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से तीन का आपराधिक रिकार्ड है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने कबूल किया है कि वह नए साल में घूमने की योजना बना रहे थे, रूपयों की कमी पड़ी तो आरोपितों ने एटीएम लूटने की योजना बनाई थी। पुलिस ने शिकायत पर एफआइआर दर्ज जांच में लगी और फुटेज से पुराने बदमाशों की पहचान के बाद चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली थाना प्रभारी कर्ण सिंह के मुताबिक शनिवार- रविवार की दरमियानी रात पुलिस रात की गश्त पर थी। मुखबिर से सूचना मिली कि इमामी गेट पर एटीएम तोड़ रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तो देखा कि आरोपित भाग गए हैं। मौके पर पाना, हथोड़ी, छेनी, पेचकस और छूरी मिली। बाद बैंक के अधिकारियों को घटना के बारे में बताया और मामले में एफआइआर दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की। सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से आरोपितों पहचान हो गई। चार में से तीन का आपराधिक रिकार्ड है। आरोपितों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपितों में ताज कालोनी शाहजहांनाबाद निवासी 23 वर्षीय तालिब अली, नूर महल शाहजहांनाबाद निवासी 18 वर्षीय मोहम्मद अरहम, मो. शाहरूख (26) निवासी नूर महल शाहजहांनाबाद और फरहान उल्ला खा (36) निवासी फिरदोस मंजिल बुधवारा शामिल थे।

शुभम जोशी की गेंदबाजी से फगीटो मावेरिक्स ने दर्ज की आसान जीत

भोपाल। शुभम जोशी की घातक गेंदबाजी के दम पर फगीटो मावेरिक्स ने तीसरे आरएनटीयू चैंपियंस ट्राफी में सिंपल एआई इलेवन को सात विकेट से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में इलाइट क्लब ने भोपाल स्ट्राइकर को छह विकेट से शिकस्त दी।रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में सिंपल एआई इलेवन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में चार विकेट पर 113 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें अंश ने 59 गेंद पर 40 रन, जयपाल नायक ने 26 गेंद पर 24 रन और सौरभ सिंह के 20 गेंद पर 18 रनों की पारी खेली। फगीटो मावेरिक्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शुभम जोशी ने 4 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट और नितिन बी ने 2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फगीटो मावेरिक्स की टीम ने 10.4 ओवर में तीन विकेट पर 116 रन बना कर मैच अपने नाम किया।

पंचवटी में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

शुभम इलेवन को मिला विजेता का खिताब

भोपाल संत हिरदाराम नगर। एयरपोर्ट रोड पर पंचवटी क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में आसिफ इलेवन को हराकर शुभम इलेवन ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। पिछले 20 दिनों से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर प्रमुख समाज सेवी एवं एयरपोर्ट रोड सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद सबधाणी एवं विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवानदेव इसरानी ने श्रेष्ठ बल्लेबाज़ को मैन ऑफ द सीरीज को एलईडी टीवी पुरस्कार स्वरूप दी। सीनियर के फ़ाइनल मैच में शुभम वार्ड-6 को प्रथम पुरस्कार 31 हज़ार रुपए नगद, द्वितीय पुरस्कार 11 हज़ार रुपए नगद आसिफ इलेवन को मिला एवं जूनियर फ़ाइनल में गाँधी नगर के सुमित 11 को हज़ार प्रथम पुरस्कार दिया गया बाकी विजेताओं खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया।

सबधाणी के प्रयासों की सराहना

कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने समाजसेवी आनंद सबधानी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन हुआ है। पुरस्कार वितरण समारोह में अवनीश भार्गव, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, त्रिलोक दीपानी, दिनेश मेंघानी, अशोक मारन, राजू राव, रोशनलाल उत्तवानी, प्रभु सक्सेना, दीपक तिवारी, अनिल मिश्रा, वासु गुलानी, डब्ली बाबा, जीशान, मनीष तोलानी एवं धीरज गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

थैला-बर्तन बैंक शुरू करके 12 महिलाओं को दिया रोजगार

मदद ऐसे भी

राजधानी में महिलाओं ने पार्क विकसित किए, शहर की सकारात्मक सोच की महिलाएं गरीबी उन्मूलन के लिए कर रही काम, मिल रही सराहना

भोपाल। कहते हैं कि यदि मन में कुछ बदलाव लाने का ठान लो और लक्ष्य साधकर ईमानदारी से जुट जाओ तो उद्देश्य पूरा होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ऐसा ही कुछ करके दिखाया है शहर की सकारात्मक सोच की महिलाओं ने। संस्था की 300 महिलाओं ने पहले भेल सोनागिरि, कल्पना नगर में 10 अलग-अलग पार्क विकसित किए। पार्कों को संवारने के बाद उनकी देखरेख व रखरखाव के लिए जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार मुहैया कराया है। सिलाई केंद्र, बर्तन व थैला बैंक शुरू किया। इनमें काम करने के लिए महिलाओं को रोजगार देने का काम किया। पार्कों की देखरेख व रखरखाव, थैला व बर्तन बैंक में काम करने वाली महिलाओं को हर महीने चार से छह हजार रुपये वेतन दिया जाता है। महिलाओं को वेतन देने की व्यवस्था सकारात्मक सोच की महिलाएं स्वयं पैसे एकत्रित करती हैं। महीने की पहली से लेकर सात तारीख तक महिलाओं को वेतन दे देती हैं। अब तक संस्था की महिलाएं 12 जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करा चुकी हैं। जिन महिलाओं को रोजगार मिला है, उनकी आर्थिर्का स्थिति ठीक नहीं थी। परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल था। अब महिलाएं पार्कों में लगे पौधों को पानी देना, पार्कों में साफ-सफाई से लेकर देखरेख की काम करती हैं। रोजाना चार से पांच घंटे काम करने के एवज में छह हजार रुपये महीने कमा रही हैं। सकारात्म सोच की इस काम की लोग सराहना कर रहे हैं। महिलाएं बोली अब आत्मनिर्भर बन गए रोजागार पाने वाली रुकमणि बताती हैं कि आर्थिक तंगी से जूझ रही थी। अब पार्कों की देखरेख करने की नौकरी मिलने से खुश हैं। हर महीने मेहनत से काम करने की पगार मिलती है तो बहुत

-ऐसे आया विचार

शुरू कर दिया बदलाव सकारात्म सोच संस्था की किरण शर्मा ने बताया कि शहर की बस्तियों में कई ऐसे महिलाएं हैं, जिनके पति कहीं नशा करते हैं तो कहीं काम नहीं करते। महिलाओं को घर-घर बर्तन साफ करके, खाना बनाकर परिवार चलााना पड़ता है। ऐसी महिलाओं को परेशान होता देखकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का विचार आया। स्थाई रूप से पार्कों की देखरेख, सिलाई केंद्र, थैला व बर्तन बैंक शुरू करके रोजगार दिया है। एक छोटा सा प्रयास है। आगे अन्य महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी रोजगार देने का काम किया जाएगा।

अच्छा लगता है। वहीं विनिता बताती हैं कि ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं हूं, जो बड़ी नौकरी करती। परिवार की जिम्मेदारी है। पार्कों का रखरखाव से महीने का छह हजार वेतन मिल जाता है, जिससे पाकर खुश हूं। इसके अलावा शारदा, रेखा, सारिका, इंद्राणी, प्रीति, आरती, तस्लीम, रोशनी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि अब हम आत्मनिर्भर बन गए हैं। थैला व बर्तन बैंक शुरू करके दिया रोजगार सकारात्मक सोच की महिलाओं ने कल्पना नगर, सोनागिरी व आसपास के इलाके में बर्तन बैंक, थैला बैंक शुरू किए। इनमें काम करने के लिए जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार से लगाया। महिलाएं थैलों की पांच से छह घंटे सिलाई करती हैं। जितने थैले सिल जाती हैं, उन्हें सकारात्मक सोच की महिलाएं हाट बाजारों में जाकर लोगों को देती हैं। इसके पीछे महिलाओं को बाजारों को पालीथीन मुक्त बनाना है।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष में फूट डालने के पीछे कौन?

बिजुरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के सबसे अधिक धनी मानी जाने वाली नगरपालिका बिजुरी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के बीच फूट डलवाने के पीछे आखिर कौन हैं, इस बात की चर्चा कोयलांचल क्षेत्र के बिजुरी में पान ठेला और नुक्कड़ओ में आम हो गई हैद्य आखिर क्या कारण है कि अध्यक्ष के 5 वर्ष के कार्यकाल के अंतिम महीने के पूर्व ऐसे खेल लोगों द्वारा क्यों खेले जा रहे हैं।

जबकि अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल के दौरान बिजुरी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कियाद्य जब नगर पालिका के प्रथम सम्मेलन में उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ था तो नगर पालिका के तत्कालीन समय के किंग मेकर कहे जाने वाले व्यक्ति एक व्यवसाई के साथ मिलकर अपने चहेतकी पत्नी निर्दलीय महिला प्रत्याशी को उपाध्यक्ष बड़ी ही चतुराई से बनाया था भले ही उसने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली थी लेकिन पार्षद के चुनाव में तो उसने भाजपा प्रत्याशी को ही हराया था, लेकिन बिजुरी क्षेत्र में ऐसी रणनीति तो हमेशा होते ही रहती है क्योंकि बिजुरी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी दो नहीं कई धड़ा मे बट चुकी हैद्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहां तो यदि कोई भाजपा से जनप्रतिनिधि या जिला पदाधिकारी बना तो पहला उसका यही प्रयास रहता है कि वह अपना अलग गुट बनाएद्य अनुशासन और संगठन के गाइड लाइन से हटकर भी कार्य किए जाते रहे हैं और इसके कई प्रमाण भी हैं लेकिन ऐसे वरिष्ठ नेताओं के अपने अपने जुगाड़ हैं जिसके कारण उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की जाती हैद्य यदि नगर पालिका उपाध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के बाद की ओर नजर दौड़ाई जाए तो शुरुआती दौर में नगर पालिका अध्यक्ष एवं बाद में बने नगरपालिका उपाध्यक्ष के मध्य समन्वय कई महीनों तक देखने को मिली और दोनों ने साथ साथ कदमताल मिलाते हुए विकास को गति भी दीद्य लेकिन बिजुरी के ही कुछ कथित लोगों को उनके दोनों के मध्य समन्वय बना रहना रास नहीं आया, और दोनों के मध्य फुट डाल दिया गयाद्य वर्तमान स्थिति यह है कि अध्यकजिस दिशा की ओर चलते हैं तो उपाध्यक्ष दूसरी दिशा की ओर मुंह मोड़ लेते हैंद्य अब कार्यकाल खत्म होने को महीने ही शेष रह गए हैं लेकिन मजे तो दूसरे नेता ही उठा रहे हैं।

पीआरटी महाविद्यालय अनूपपुर में पौधरोपण कर नव वर्ष का स्वागत किया

अनूपपुर//पीआरटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाये देते हुए समस्त स्टाफ ने उन्होंने विचार किया की,नये साल का स्वागत का पौधा रोप ? महोत्सव वृक्षारोपण से शुभारम्भ कर कई सारे कार्यक्रम प्रस्तुत करके किया गया जिसमें कॉलेज के समस्त शिक्षक (ह्रस्स्) विद्यार्थी और कॉलेज स्टॉफ ने अपने भीतर छिपी अनोखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। कॉलेज चेयरमैन उमेश तिवारी जी ने बताया कि फ्रनए वर्ष की नए संकल्पो मे,2022 हरा -भरा हो,पिछला वर्ष कोरोना महामारी के चलते बहुत ही चुनौतीपूर्ण बीता है किन्तु आने वाले समय में इस महामारी से लड़ने के लिए वैक्सीन का निर्माण अपने अन्तिम चरण में है । वर्ष-2022 पूरे विश्व के लिए एक आशा की किरण लेकर आ रहा है जिसका स्वागत हम सब प्रकृति को बचाने के लिए संकल्प लेकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके कर रहे हैं! संस्थान के सभी पीआरटी कॉलेज के संचालक डॉ.देवेंद्र तिवारी प्राचार्य शिवेंद्र कुमार तिवारी शिक्षक समस्त अदिती मिश्रा, अंजना साहू, रजनी सिंह, कमला सिंह,शारदा विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, जानकी राठौर, आकांक्षा सिंह, रवि शर्मा, डॉ शशांक मिश्रा,विजय तिवारी, हर्ष मिश्रा, जीवेंद्र तिवारी, और समस्त विद्यार्थी आदि उपस्थिथि रहे।

नपां.पसान क्षेत्र में गरीब असहाय जरूरतमंद परिवारों को भाजपा नेता ने बाटे गर्म कंबल

अनूपपुर- भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी उमेश मिश्रा ने 2022 नववर्ष पर के शुभ अवसर पर नगर पालिका पसान क्षेत्र के गरीब असहाय जरूरतमंद परिवार जनों को कड़ाके की ठंड में गर्म कंबल वितरण किया गया है। उमेश ने कहा कि जीवन में समाज के प्रति सेवा समर्पण भाव व्यक्ति के जीवन में होना चाहिए इस कड़ाके की ठंड में गरीब असहाय परिवारों की मदद के लिए सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हाथ आगे बढ़ाना चाहिए,मानवता सबसे बड़ी सेवा है। अवसर पर लगभग सैकड़ों असहाय जरूरतमंद परिवारों को गर्म कंबल वितरण किया गया। मिश्रा ने कहा कि परिवार की ओर से पहले भी जरूरतमंद गरीब परिवारों को घरों में जाकर ठंडी के गर्म कपड़े एवं कंबल वितरण कर उनका आशीर्वाद लेने का मुझे सौभाग्य एवं अति आनंद प्राप्त होता है।मिश्रा ने कहा कि यह हम समझते हैं की असहाय गरीब लोगों की भलाई करना कर्तव्य नहीं आनंद है,सार्थक और प्रभावी उपदेश सिर्फ वह है जो वाणी से नहीं आचरण व कर्म से प्रस्तुत किया जाता है हर इंसान को जीवन में मानवता परमो धर्म पर स्वार्थ भाव से लोगों की मदद करना चाहिए।आजकल लोग दूसरों की बुराई करने में जो वक्त लगा देते हैं उस वक्त में खुद को बेहतर बनाने में काम करें तो दुनिया बदलने में देर नहीं लगेगी।हर इंसान आकर्षण तो कहीं हो सकता है,पर समर्पण तो कहीं कहीं होता है क्षेत्र के गरीब असहाय जरूरतमंद परिवारों के लिए समर्पण भाव ही मेरे जीवन की सच्ची कमाई हैं। कड़ाके की ठंड में गरीब लोगों को गर्म कपड़े व कंबल वितरण कर उनके चेहरे में खुशी देखकर हृदय से आनंद एहसास होता है।

नवीन नगर परिषद बरगवां में ग्राम देवहरा व सकोला को न जोड़ने के लिए मंत्री ने दिया आश्वासन

अनूपपुर।मध्य प्रदेश शासन के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह के ग्रामीण दौरा में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान डोगरा टोला ग्राम पंचायत के अंतर्गत अमिलिया, तुम्मीवर, संगमा, को नए वर्ष के उपलक्ष्य में करो?ो की सौगात दी व साथ ही ग्रामीणों के साथ नए वर्ष का शुभारंभ किया । इस दौरान ग्राम देवहरा व सकोला के ग्रामीणों के द्वारा मंत्री को ज्ञापन दिया गया कि नवीन नगर परिषद बरगवां में देवहरा व सकोला को न जो?ा जाये । इस पर मंत्री ने स्पष्ट कहा कि देवहरा व सकोला को नवीन नगर परिषद बरगवां में नही जो?ा जाएगा सिर्फ देवहरा के चार वार्ड जो अमलाई क्षेत्र का है उस हिस्से बस को जो?ा जाएगा । ज्ञापन देने देवहरा व सकोला के आदिवासियों का भी भरपूर सहयोग रहा ज्ञापन देने वाले भाजपा मंडल अनूपपुर ग्रामीण मंडल के मंत्री ब्रजकांत तिवारी, जे पी उरमलिया, राम तिवारी, अभयकांत तिवारी, महेंद्र बैगा, सतेंद्र तिवारी, मुकेश बैगा, शम्भू बैगा, श्याम किशोर तिवारी, छोटू बैगा, सुरैला बैगा ,सैक?ो लोग उपस्थित रहे ।

खून से लिखा मुख्यमंत्री और महामहिम राज्यपाल को पत्र

सिहोरा। महामहिम राज्यपाल महोदय आपके नाम से जुलाई 2003 में जारी राजपत्र लागू कब होगा,क्या अब महामहिम राज्यपाल द्वारा जारी राजपत्रों को भी राजनीति की भेंट चढाया जाएगा।खून से लिखे पत्र में यह बात सिहोरा को जिला बनाने की मांग कर रही लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपने तेरहवें रविवार के धरने में उठाई।समिति ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम भी खून से पत्र लिखा।समिति ने घोषणा की कि अगले रविवार 9 जनवरी को सिहोरा विधायक के निवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सिहोरा को जिला बनाने की सम्पूर्ण कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 11 जुलाई 2003 को म प्र सरकार का राजपत्र जारी किया गया था।महामहिम राज्यपाल के नाम से एवं आदेशानुसार यह राजपत्र तत्कालीन अपर सचिव एन एस भटनागर ने जारी किया था।जारी राजपत्र में जबलपुर जिले की सिहोरा और मझौली सम्पूर्ण तहसील तथा कटनी जिले की बहोरीबंद और ढीमरखे?ा तहसील के समाविष्ट से सिहोरा जिला का सृजन किया गया था।लंबे अंतराल 21 वर्ष गुजर जाने के बाद भी इस जारी राजपत्र पर अमल नही किया गया। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने आरोप लगाया कि सिहोरा जिला न बन पाने की जितनी दोषी म प्र सरकार है उतनी ही दोषी स्थानीय जनप्रतिनिधि भी है।अब शीघ्र ही समिति का एक जत्था सिहोरा के इन जनप्रतिनिधियों के घर के समक्ष भी साथ साथ धरना प्रदर्शन करेगा।विदित हो कि इससे पूर्व आंदोलित समिति ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सिहोरा जिला मुद्दे पर साथ आने का आह्वान किया था पर जनप्रतिनिधियों ने अपना अ?यल रवैया जारी रखा। आज के खून से लिखे पत्र में होने वाले प्रदर्शन में समिति के विकास दुबे, मानस तिवारी, अनिल जैन, सियोल जैन, अमित बक्शी, ,हीराधर बढगैंया सहित सैकडों की संख्या में आक्रोशित सिहोरावासी उपस्थित रहे।

विश्वराज शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड

फार्मास्युटिकल ग्रेड चीनी का उत्पादन करेगी

एजेंसी। बीएसई और एनएसई के स्मॉल कैप इंडेक्स में सूचीबद्ध, विश्वराज शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया है कि वह अपनी पेटेंट तकनीक का उपयोग करके फार्मास्युटिकल ग्रेड चीनी का उत्पादन करेगी। कंपनी के पास नवीनतम टेक्नोलॉजी के साथ एक अत्याधुनिक आर एंड डी केंद्र है।कंपनी भारत में अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनियों को इस फार्मा ग्रेड चीनी की आपूर्ति करने की प्रक्रिया में है और इसे पूरी दुनिया में निर्यात करने की भी योजना है। इसने आईएस 1151, 2021 संस्करण में निर्धारित विनिर्देशों को पूरा करते हुए परिष्कृत ग्रेड चीनी का उत्पादन भी शुरू कर दिया है।इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत इथेनॉल पर जीएसटी दर को 18ब से घटाकर 5ब करने का सरकार का हालिया निर्णय चीनी कंपनियों के लिए बेहद फायदेमंद होगा और विश्वराज भी उनमें से एक होगा। इससे कंपनी के लाभ और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।इससे पहले, विश्वराज शुगर इंडस्ट्रीज (वीएसआईएल) ने तेल विपणन कंपनियों (ऑइल मार्केटिंग कम्पनीज, ओएमसी) अर्थात् भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एचपीसीएल) के साथ 2.50 करोड़ लीटर इथेनॉल की आपूर्ति के लिए 155 करोड़ रुपए का अनुबंध किया था, जो दिसंबर 2021 से शुरू हो रहा है।
वीएसआईएल के कार्यकारी निदेशक मुकेश कुमार ने कहा, हमने पिछले साल 2.25 करोड़ लीटर इथेनॉल की आपूर्ति के मुकाबले दिसंबर 2021 से 2.50 करोड़ लीटर इथेनॉल की आपूर्ति के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) बीपीसीएल, आईओसी और एचपीसीएल के साथ अनुबंध किया है।
इथेनॉल की बढ़ी हुई आपूर्ति और चीनी उत्पादन में वृद्धि के साथ, विश्वराज शुगर का लक्ष्य मार्च 2022 में 500 करोड़ रुपये का कारोबार करना है, जबकि पिछले साल यह 426 करोड़ रुपये था।
कंपनी कर्नाटक के बेलगाम जिले में 150 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अपनी डिस्टिलरी यूनिट में 150 केएलपीडी क्षमता का विस्तार कर रही है, विस्तार के बाद कंपनी की कुल इथेनॉल क्षमता 250 केएलपीडी होगी, इसके लिए फरवरी 2022 तक पर्यावरण मंजूरी प्राप्त होने की उम्मीद है।

नव वर्ष पर संगीतमयसुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया

गोटेगांव -विगत दिवस नववर्ष 2022 के आगमन पर बजरंग सेना एवं वैश्य महासम्मेलन कलचुरी कलार समाज के पदाधिकारी सुप्रसिद्ध छायाकार रघुनाथ राय के निवास स्थान शंकराचार्य कॉलोनी में 2022 के आगमन के शुभ अवसर की बेला पर नगर की सुप्रसिद्ध श्री राम रामायण समिति के तत्वाधान में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन दिनांक 1 जनवरी 2022 दिन शनिवार रात्रि 9ः00 बजे किया गया ? संगीतमय सुंदरकांड पाठ के पश्चात समिति के कलाकारों द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई साथ ही भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की आरती वंदना कर भगवान को 108 लड्डुओं का भोग लगाया गया एवं समस्त नगरवासियों की सुख समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई ? इसी श्रंखला में आमंत्रित समिति सदस्यों एवं उपस्थित जनों का कलचुरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मानक लाल राय द्वारा तिलक रोली लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रिका प्रसाद राय अनिल नामदेव रूपचंद नामदेव विनोद शर्मा परसू साहू अनूप सोनी शैलेंद्र सोनी सुदीप नेमा रोहित नेमा कन्हैया लाल रूद्र प्रताप ठाकुर राजाराम चौरसिया छट्टू रजक लल्लू माली गोपी विश्वकर्मा संदीप तिवारी बद्री प्रसाद चौक से अभिषेक दुबे नीरज दुबे दीपक तिबारीटिंकू अग्रवाल सुरेंद्र दुबे नरेश नामदेव संजय नेमा बबलू पटेल दीपक सराठे अनुराग राय सिकूराय प्रमोद नेमा श्री राम सेन जागेश्वर तिवारी राजेश जैन चंद्र कुमार दीक्षित यशवंत पटेल कल्याण सेन आदि लोग शामिल हुए।

आजादी के अमृत महोत्सव

स्वास्थ्य शिविरपावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के आयोजन से मिला सैकड़ों पीड़ितों को लाभ

जबलपुर। आजादी के 75वे अमृत महोत्सव के तहत पीड़ित मानवता की सेवा के लिए ग्राम पंचायत भवन, सूखा, पाटन रोड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व दवाईयों का वितरण पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन जबलपुर पश्चिम क्षेत्र-2 के द्वारा किया गया। इस दौरान हम हैं न फाउण्डेशन के सहयोग से गैलेक्सी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम के द्वारा यह शिविर आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न बीमारियों से करीब 400 से अधिक पीड़ितों ने अपना उपचार करवाते हुए आवश्यक परामर्श लिया।
जिनको विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अमितेश चतुर्वेदी, डी, आर्थो, एमएस, आर्थो, डॉ हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल, एमडी, डीएम, कॉर्डियोलॉजी, डॉ विवेक गुप्ता, बीडीएस, डेन्टल सर्जन, डॉ अंजु झा द्विवेदी, एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी, गाइनोकॉलोजी डॉ नंदन शर्मा, एमडी, पीडियाट्रिक्स, बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञों के द्वारा पीड़ितों का उपचार किया गया।

इस दौरान पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ महाप्रबंधक जे पी रघु, अतुल अग्रवाल, चंदन कुमार, अमन कुमार, चिन्मय मोहंती, ए एल द्विवेदी, संदीप त्रिपाठी, सुनील मालवीय, दीपक सिन्हा व ग्राम सूखा के सरपंच सहित हम हैं न फाउण्डेशन से आशीष विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, आनंद सेन, गया प्रसाद विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं इसके उपरांत पर्यावरण व प्रकृति को बचाने का संदेश देने के लिए शासकीय स्कूल परिसर में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के द्वारा पौधा रोपण भी किया गया।

बघराजी लेदर बॉल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

उद्घाटन मैच जबलपुर ने 20 रनों से जीता

कुंडम,बघराजी। लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंडम हिमांशु अग्रवाल एवं पुलिस चौकी प्रभारी आरती मंडलोई ने किया सर्वप्रथम दोनों अतिथियों का स्वागत सनी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी सचिव विनीष साहू उपाध्यक्ष डॉ रजनीश विश्वकर्मा पं. सौरभ द्विवेदी महेंद्र विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा ने स्वागत किया सनी स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा अतिथि हिमांशु अग्रवाल एवं आरती मंडलोई का दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय करवाया दोनों अतिथियों ने नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहां की एक खिलाड़ी भावना से खेलने का दोनों टीम के खिलाड़ियों से आग्रह किया साथ ही आयोजक सनी स्पोर्टिंग क्लब को बधाई दी सभी खिलाड़ियों ने दर्शकों ने मैदान में खड़े होकर देश के सम्मान में राष्ट्रगान गाया कोरोना काल में शनि स्पोर्टिंग क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सत्य कुमार जैन का निधन हो गया था सभी खिलाड़ियों ने उनके सम्मान में उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद टॉस किया गया टॉस जीतकर डीआर क्रिकेट क्लब जबलपुर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया पहले बल्लेबाजी करते हुए 20-ओवरके मैच में जबलपुर की टीम नें पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 165 रन बनाए जिसमें राहुल राजभर 10 रन प्रतीक 2 रन देवाशीष 30 रन कमल सुमित के 29 रन आदित्य 10 रन जलाज 29 रन एवं 20 अतिरिक्त रनों के सहारे 9 विकेट पर 165 रन बनाए सिटी वाइज नरसिंहपुर के गेंदबाज शिवम कटारे ने तीन विकेट प्रियांशु दो विकेट पटेल एक-एक सानू और शिव पटेल प्रदीप ने एक-एक विकेट लिया वहीं सिटी बॉयज नरसिंहपुर की टीम की शुरुआत काफी खराब रही सौरभ कटोरिया 2 रन शिवम शिवम लहरिया 15 रन सोनू यादव 19पंकज मात्र 5 रन बनाकर आउट हो गई और उनके चार खिलाड़ी 10 ओवर में 72 रन बनाकर आउट हो गए जिससे टीम दबाव में आ गई प्रदीप 31 रन बनाकर आशीष 15 मयंक ने 8 रन बनाए शिव 12 रन गुलशन 5 रन इस तरह से 20 ओवर में 8 विकेट खोकर नरसिंहपुर ने 145 रन बनाए जबलपुर ने 20 रन से यह मैच जीत लिया जबलपुर के गेंदबाज आदित्या जलद शुभ ने दो-दो कमल एक विकेट लिया एक खिलाड़ी रन आउट हुआ और 20 रन से जबलपुर ने मैच जीत लिया
उद्घाटन समारोह में सहकारी समिति के अध्यक्ष सुरेश असाटी एसआई चोखे लाल सत्येंद्र जोगी धर्मेंद्र जयसवाल दिनेश साहू तन्मय सिंह गुड्डू पटेल मुकेश बर्मन अकरम खान छोटू जैन नीरज पटेल आदिल खान हिमांशु विश्वकर्मा धर्म व रमन सागर साहू शिवम यादव सुदीप गोविंदा लालू मोनू पटेल सरफराज खान रामकृष्ण पटेल सतीश साहू का सराहनीय इस मैच के अंपायर हिमांशु विश्वकर्मा आदिल खान थे कल दूसरा मैच सतना एवं सिहोरा खितौला के बीच खेला जाएगा।

वैश्य महासम्मेलन गोटेगांव की वार्षिक पिकनिक परमहंसी में शामिल हुए अनेक परिवार

गोटेगांव। ,विगत 10 वर्षों से वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राजस्व एवं गृह कैबिनेट मंत्री माननीय उमाशंकर गुप्ता की मंशा के अनुरूप विभिन्न वर्ग के सभी वैश्य बंधुओं जो व्यापार के कारोबार से जुड़े हैं अपनी व्यस्तता के चलते एक साथ नहीं बैठ पाते अतः संगठन के रूप में आपस में बच्चों का परिचय हो सौहार्दपूर्ण वातावरण बने नई ऊर्जा का संचार हो समाज के हित में मिल बैठकर नई कार्य योजना बनाने जैसे उद्देश्यों को लेकर प्रतिवर्ष वार्षिक पिकनिक का आयोजन किया जाता है विगत वर्ष भेड़ाघाट की सफल पिकनिक के बाद वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश गोटेगांव इकाई ने अंग्रेजी नववर्ष के प्रथम रविवार 2 जनवरी 2022 को अति प्रसिद्ध धार्मिक स्थल वनम श्री वनम क्षेत्र परमहंसी गंगा आश्रम में अनेक परिवारों ने एक साथ जाकर

भगवती राज राजेश्वरी जी के दर्शन किए एवं आयोजित हुई अनेक प्रतियोगिताएं

भगवती राजराजेश्वरी जीके दर्शन प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित किया वहीं स्थानीय विश्राम गृह में क्रिकेट हाउ जी खो खो दौड़ आदि की प्रतियोगिताएं बच्चों एवं उन्होंने एक साथ आयोजित कर सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया सुबह 11ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक उपस्थित सैकड़ों परिवारों ने इस आयोजन में परिवार सहित शामिल होगा आयोजन को भव्यता प्रदान की एवं ठंड की ऋतु के अनुसार सुरुचि भोज का आनंद उठाया अनेक परिवारों ने भविष्य में ऐसे आयोजन जारी रखने एवं एक साथ अन्य किसी पर्यटन धार्मिक क्षेत्र में सामूहिक रूप से चलने का निर्णय लिया उल्लेखनीय है कि वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के सभी सदस्य निरंतर अनेक धार्मिक सामाजिक गतिविधियों में निरंतर तन मन धन से सहयोग करते रहते हैं वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश गोटेगांव इकाई ने सभी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया है।

पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली कई ट्रेनों में स्थाई रूप से कोच बढ़ाया

जबलपुर यश भारत। पमरे द्वारा अत्यधिक प्रतीक्षा सूची को देखते हुए हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली कई ट्रेनों में स्थाई रूप से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। ये गाड़िया पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर एवं भोपाल मण्डल के स्टेशनों से होकर गुजरती हैं।इन गाड़ियों की विस्तृत जानकारी निम्न है :-
1) गाड़ी संख्या 22163/22164 भोपाल-खजुराहो-भोपाल सुपरफास्ट महामना एक्सप्रेस ट्रेन*:- गाड़ी संख्या 22163 भोपाल से खजुराहों एक्सप्रेस ट्रेन को भोपाल स्टेशन से दिनाँक 03.01.2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 22164 खजुराहों से भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन को खजुराहों स्टेशन से दिनाँक 03.01.2022 से 01 सामान्य श्रेणी का कोच स्थाई रूप से बढ़ाया जा रहा है।
2) गाड़ी संख्या 22190/22189 रीवा-जबलपुर-रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन :- गाड़ी संख्या 22190 रीवा से जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को रीवा से दिनाँक 07.01.2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 22189 जबलपुर से रीवा एक्सप्रेस ट्रेन को जबलपुर स्टेशन से दिनाँक 08.01.2022 से 01 सामान्य श्रेणी का कोच स्थाई रूप से ब?ाया जा रहा है।
3)) *गाड़ी संख्या 11265/11266 मदनमहल-अम्बिकापुर-मदनमहल इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन :- गाड़ी संख्या 11265 मदनमहल से अम्बिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन को मदनमहल से दिनाँक 07.01.2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर से मदनमहल एक्सप्रेस ट्रेन को अम्बिकापुर स्टेशन से दिनाँक 08.01.2022 से 01 सामान्य श्रेणी का कोच स्थाई रूप से बढ़ाया जा रहा है।4))गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन :- गाड़ी संख्या 11754 रीवा से इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन को रीवा से दिनाँक 05.01.2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 11753 इतवारी से रीवा एक्सप्रेस ट्रेन को इतवारी स्टेशन से दिनाँक 06.01.2022 से 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 सामान्य श्रेणी का कोच स्थाई रूप से ब?ाया जा रहा है।5)) गाड़ी संख्या 11703/11704 रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन :- गाड़ी संख्या 11703 रीवा से डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन को रीवा से दिनाँक 06.01.2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 11704 डॉ. अम्बेडकर नगर से रीवा एक्सप्रेस ट्रेन को डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन से दिनाँक 07.01.2022 से 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 शयनयान श्रेणी का कोच स्थाई रूप से बढ़ाया जा रहा है।

पहले से ज्यादा मजेदार होगा आईपीएल का 15वां सीजन

फैंस देख सकते हैं इस साल ये 5 बड़े बदलाव

नई दिल्ली। आईपीएल का 15वां सीजन पहले से ज्यादा मजेदार होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन को रोचक बनाने के लिए कमर कस ली है।

क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट का सबसे बड़ा लीग स्तर का टूर्नामेंट अप्रैल-मई में खेला जाएगा। इस बार कई छोटे-बड़े बदलाव आईपीएल में देखने को मिल सकते हैं।

10 टीमें

आईपीएल में फिर से 10 टीमें देखने को मिलेंगी। इससे पहले 2011 में 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस बार लखनऊ और अहमदाबाद को शामिल किया गया है। आरपीएसजी ग्रुप ने लखनऊ को 7090 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं, सीवीसी कैपिटल ने अहमदाबाद फ्रैंचाइजी के लिए 5625 करोड़ रुपये की बोली लगाई।

आईपीएल की घर वापसी

लगातार दो सीजन में यूएई में आईपीएल के आयोजन के बाद इसकी घर वापसी इस बार होने की उम्मीद है। पिछले साल टूर्नामेंट का पहला चरण भारत में खेला गया था। मई के पहले हफ्ते में कोरोना के मामले बायो-बबल में सामने आने के बाद टूर्नामेंट को रोक दिया गया था। सितंबर-अक्टूबर मे इसके दूसरे चरण का आयोजन यूएई में हुआ। इससे पहले 2020 में भी आईपीएल की मेजबानी यूएई ने की थी।

दर्शकों को होगी स्टेडियम में वापसी

स्टेडियम में फिर से एक बार दर्शक अपनी पसंदीदा टीमों को चीयर करते नजर आएंगे। कोरोना के कारण लगातार दो सीजन में दर्शक के बगैर मैच हुए हैं। इस बार माना जा रहा है कि दर्शकों को सीमित संख्या में स्टेडियम में जाने की अनुमति दी जाएगी।

नहीं होगा आरटीएम का इस्तेमाल

आईपीएल नीलामी में इस बार आरटीएम का इस्तेमाल नहीं होगा। इसके जरिए दूसरी टीमों द्वारा बोली लगाए जाने के बावजूद फ्रैंचाइजी सीमित संख्या में अपने पुराने खिलाड़ियों को खरीदने में कामयाब होती थी। आरटीएम की इस्तेमाल की संख्या सीमित होती थी। इस बार ऐसा नहीं होगा। उदाहरण से समझिए आरटीएम का इस्तेमाल कैसे होता है?- मान लिजिए रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने रीटेन नहीं किया। चेन्नई सुपरकिंग्स ने नीलामी में उन पर 14 करोड़ की बोली लगाई। चेन्नई द्वारा खरीदे जाने के तुरंत बाद नीलामी करवाने वाले मुंबई से पूछेंगे कि क्या वो रोहित के लिए आरटीएम का इस्तेमाल करेंगे? अगर मुंबई ने आरटीएम का इस्तेमाल किया था तो रोहित 14 करोड़ में चेन्नई की जगह मुंबई की टीम में शामिल हो जाएंगे।

फॉर्मेट में होगा बदलाव

आईपीएल में इस बार 10 टीमें होंगी तो होम और अवे वाले फॉर्मेट में मैच कराना मुश्किल होगा। माना जा रहा है कि राउंड-रॉबिन की जगह ग्रुप फॉर्मेट में टूर्नामेंट का आयोजन हो सकता है। बीसीसीआई ने इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

एटीपी कप- अर्जेंटीना की जॉर्जिया पर 3-0 से जीत, स्पेन ने चिली को एकतरफा दी मात

नई दिल्ली। अर्जेंटीना और स्पेन ने 16 टीमों के एटीपी कप टूर्नामेंट के पहले दिन अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। अर्जेंटीना ने जॉर्जिया के खिलाफ 3-0 की आसान जीत दर्ज की जबकि स्पेन ने चिली को इसी अंतर से हराया। यह टीम टूर्नामेंट सिडनी के दो स्टेडियम में खेला जा रहा है। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी डिएगो श्वार्ट्जमैन ने एकल मुकाबले में जॉर्जिया के निकोलोज बासिलाशविली को 6-1, 6-2 से हराकर अर्जेंटीना को 2-0 की निर्णायक बढ़त दिलाई। इससे पहले फेडेरिको डेलबोनिस ने एलेक्सांद्रे मात्रेवेली को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। युगल मुकाबले में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलतेनी ने सबा पर्तसेलाजे और जुरा केमालाजे की जॉर्जिया की जोड़ी को 6-1, 6-2 से हराकर 3-0 से क्लीनस्वीप किया। दिन के एक अन्य मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी पाब्लो कारेनो बुस्ता ने एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चिली के एलेसांद्रो ताबिलो को 6-4, 7-6 (7-4) से हराकर स्पेन को बढ़त दिलाई। रॉबर्टो बतिस्ता आगुत ने इसके बाद चिली के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टियन गेरिन को 6-0, 6-3 से हराकर स्पेन की जीत सुनिश्चित की। एलेक्सांद्रो डेविडोविच फोकिना और पेड्रो मार्टिनेज ने इसके बाद चिली के टॉमस बारियोस वेरा और ताबिलो को 7-6 (3), 4-6, 10-7 से हराकर स्पेन के लिए क्लीनस्वीप सुनिश्चित किया।

यूनान को खली चोटिल सितसिपास की कमी

यूनान की टीम को एकल में अपने प्रमुख खिलाड़ी सितसिपास की कमी खली। टीम को पोलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी सितसिपास मैच से पहले हटना पड़ा था। उनकी जगह उतरे एरिटोटेलिस थानोस को हुबर्ट हर्केज ने आसानी से 1-6,2-6 से हरा दिया। इससे पहले कामिल ने मिशेल पेवोलारकिस को 6-1-6-4 से हराया था। युगल में सितसिपास ने पेवोलारकिस के साथ मिलकर वालको और जेन जिलिंस्की को 6-4, 5-7, 10-8 से हराया था।

यूएस ओपन चैंपियन रादूकानू मेलबर्न टूर्नामेंट से हटीं ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी में जुटी रहेंगी ब्रिटिश स्टार

नई दिल्ली। यूएस ओपन चैंपियन एमा रादूकानू मेलबर्न में होने वाले सीजन के पहले महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) टूर्नामेंट से हट गई हैं। 19 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी हाल ही में अबू धाबी में कोविड-19 एकांतवास से लौटी हैं। रादुकानू को मेलबर्न में तीन जनवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेना था जो वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का वॉर्मअप टूर्नामेंट माना जाता है। हालांकि वह मेलबर्न में इस माह होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों में जुटी रहेंगी। संभावना है कि ग्रैंडस्लैम में उतरने से पहले वह सिडनी क्लासिक में हिस्सा ले सकती हैं। उन्होंने वॉर्मअप टूर्नामेंट से हटने पर कहा कि एकांतवास से लौटने के बाद सीधे टूर्नामेंट में उतरना कुछ जल्दबाजी होगा। ब्रिटेन की नंबर एक और दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी क्रीन एलिजाबेथ द्वितीय की ओर से सम्मानित होने वाली एमबीई (मेंबर ऑफ द ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एंपायर) हस्तियों की सूची में शामिल रहीं। उन्होंने क्वालिफायर खिलाड़ी के रूप में यूएस ओपन ग्रैंडस्लैम जीतकर इतिहास रचा था। वह बीबीसी की साल की श्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुनी गई हैं।

बॉलीवुड के ये Star Kids साल 2022 में फिल्मी नगरी में रख सकते हैं कदम, 1 फिल्म से होगा 3 स्टार किड्स का डेब्यू

बीता साल फिल्म इंडस्ट्री के लिए कुछ खास नहीं रहा। थिएटर के दरवाजे जहां साल के अंत में आकर खुले तो वो भी अब फिर एक बार बंद हो चुके हैं, लेकिन ओटीटी एक ऐसा प्लेटफार्म बन चुका है, जहां फिल्मी गलियारों की गलियां भी मुड़ चुकी है, यहां पर अपनी स्टोरीलाइन और एक्टिंग के बल पर ही सितारों को पहचान मिलती है। नए साल के आगाज पर कई स्टार किड्स के डेब्यू करने की खबरें भी उड़ने लगी है, इस लिस्ट में देखिए साल 2022 में कौन-कौन सा स्टार किड अपनी किस्मत के सिक्के को उछालता है, और फिल्मी दुनिया में एंट्री मारता है।

सुहाना खान

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो किंग खान की लाडली बेटी सुहाना ख़ान जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती है। खबरें हैं कि सुहाना पॉपुलर अमेरिकन कॉमिक्स सीरीज द आर्चीज के नेटफ्लिक्स वर्जन से डेब्यू करेंगी।

खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा

बोनी कपूर और श्रीदेवी की लाडली बेटी खुशी कपूर भी इस साल डेब्यू कर सकती है। खबरों की माने तो द आर्चीज एक मल्टीस्टारर सीरीज होगी जिसमें बॉलीवुड के कई स्टार किड्स फिल्मी दुनिया में एंट्री मारेंगे, जिसमें से एक नाम खुशी कपूर का भी है। द आर्चीज के लिए अगस्त्य नंदा का भी नाम सामने आ रहा है, यानी की अगर इस सीरीज में ये 3 नामी चेहरे होते हैं तो बॉलीवुड के तीन खानदान के स्टार्स एक साथ धमाल मचाते दिखेंगे।

शनाया कपूर

खबर है कि संजय कपूर की लाडली बेटी शनाया कपूर धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म से डेब्यू करेंगी। हालांकि मेकर्स की तरफ से कोई भी अनाउंसमेंट नहीं की गई है, लेकिन खबर है कि शनाया ने जुलाई 2021 से शूटिंग करना शुरू कर दिया था।

पलक तिवारी

श्वेता तिवारी की लाडली बेटी पलक तिवारी अपनी हालिया रिलीज हुई म्यूजिक एल्बम बिजली के चलते सुर्खियों का हिस्सा बनी हुई है। पलक बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय के साथ रोज़ी- द सैफरन चैप्टर से डेब्यू करेंगी।

Bigg Boss15 के सभी कंटेस्टेंट पर गिरेगी गाज जब घर में नागिन संग एंट्री लेंगी बबीता जी

सलमान खान के शो बिग बॉस 15 में आए दिन हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। शो में अब धीरे-धीरे कंटेस्टेंट कम होते जा रहे हैं और बचे हुए लोगों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। ऐसे में मेकर्स अक्सर कुछ नया करने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं जिससे शो में रुचि बनी रहे। यही कारण है कि कुछ हफ्ते पहले मेकर्स ने राखी सावंत, रश्मि देसाई और देवोलीना भट्टाचार्जी की एंट्री बिग बॉस के घर में वाइल्ड कार्ड के तौर पर कराई थी। उसके बाद शो ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। भले ही शो का फिनाले जल्द ही आने वाला है लेकिन घरवालों के लिए अभी भी रास्ता आसान नहीं है क्योंकि जल्द ही शो में चार नए चेहरे की एंट्री होने वाली है जो वहां चैलेंजर्स बनकर पहुंचेंगे। इस लिस्ट में तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता का नाम शामिल है। सलमान खान ने वीकेंड का वार में इसकी तरफ इशारा भी किया है और बताया है कि जल्द ही घर में कुछ लोगों की एंट्री होने वाली है। बता दें शो में मेकर्स 4 चैलेंजर्स की एंट्री करवाने जा रहे हैं, जो कंटेस्टेंट के लिए मुश्किलें खड़ी कर देंगे। चैलेंजर्स कंटेस्टेंट्स से घर का काम कराएंगे और नए-नए टास्क भी देंगे। इन 4 लोगों के नाम का खुलासा भी किया जा चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शो में मुनमुन दत्ता, आकांक्षा पुरी, सुरभि चंदना और विशाल सिंह की एंट्री होने वाली है। मुनमुन दत्ता तो काफी पॉपुलर है। आकांक्षा पुरी उस वक्त चर्चा में आई थीं जब पारस छाबड़ा ने बिग बॉस में हिस्सा लिया था, क्योंकि उस वक्त वो पारस के संग रिलेशनशिप में थीं। सुरभि चंदना की गिनती छोटे पर्दे की टॉप एक्ट्रेस में होती है, वहीं विशाल सिंह की अगर बात की जाएं तो साथिया सीरियल में उन्होंने जिगर मोदी की भूमिका निभाई थी।

टीका लगवाती हुई छात्रा के चेहरे पर देखी गई मुस्कान

एमएलबी स्कूल छात्रा श्रेया को लगा पहला टीका

छात्र को टीका लगाती स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी

मॉडल स्कूल में टीका लगवाने बैठे छात्र

कल के भविष्य को सुरक्षित रखने आज से टीका

10वीं की छात्रा श्रेया के साथ टीनएजर्स वैक्सीन का शुभारंभ

जबलपुर, यशभारत। कल के भविष्य को सुरक्षित रखने आज सोमवार से स्कूली बच्चों को वैक्सीन का टीका लगाना शुरू हो गया है। पहला टीका एमएलबी स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं कक्षा की छात्रा श्रेया को लगा। ओमिक्रान और कोविड के बढ़ते खतरे के बीच आज से टीनएजर्स को वैक्सीनेट करने का अभियान शुरू हो गया है।

जिले में 258 सेंटर्स बने हैं। 102 शहर में तो 156 ग्रामीण क्षेत्रों में बने हैं। हेल्थ विभाग ने 67 हजार का लक्ष्य रखा है। वैक्सीनेशन के लिए आन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन होगा। 300 बच्चों पर एक सेंटर बनाया गया है। 1.18 लाख टीएनजर्स को टीके लगने हैं। इसमें 540 स्कूलों में 93 हजार बच्चे हैं। 25 हजार शालात्यागी बच्चे हैं। उन्हें आंगनबा?ी केंद्रों पर टीके लग रहे हैं।10 हजार 500 टीएजर्स ने कोविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए हैं। इसके अलावा आज भी वे ऑनलाइन, या ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। क्लास टीचर को रजिस्ट्रेशन कराने की जवाबदारी सौंपी गई है। पंद्रह से अठारह वर्ष तक के बच्चों को कोरोना की वैक्सीन लगाने जबलपुर जिले में टीकाकरण अभियान की जोरदार शुरुआत हुई । कोरोना के संक्रमण से सुरक्षा के लिये टीका लगवाने बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया । बच्चे सुबह से हीअपने स्कूल में बनाये वैक्सीनेशन सेंटर पहुँच चुके थे और अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे । जहां शहर में सदर स्थित केंद्रीय विद्यालय वन एसटीसी में बच्चों को सुबह 9 बजे से ही कोरोना का टीका लगाने का कार्य शुरू हो गया था, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में सालीबाड़ा गौर स्थित शासकीय स्कूल में भी बच्चों को एक-एक कर वैक्सीन लगाई जा रही थी । बच्चों को कोरोना की वैक्सीन लगाने आज सोमवार से चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 250 से अधिक स्कूलों में टीकाकरण केंद्र बनाये गये हैं ।

2 सेना के जवान और मुंबई गई महिला संक्रमित

जबलपुर में कोविड संक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रविवार को 5206 सेम्पल की रिपोर्ट में चार संक्रमित मिले। वहीं तीन लोग ठीक हुए। जिले में एक्टिव केसों की संख्या 31 हो गई है। संक्रमितों में तीन की ट्रेवल हिस्ट्री मिली है हेल्थ विभाग के मुताबिक संक्रमितों में दो सेना के जवान हैं। दोनों ही बाहर से जबलपुर ट्रेनिंग के लिए आए हैं। दोनों को पहले ही क्वारंटाइन किया गया था। बाहर से आने के चलते उनके सेम्पल कराए गए तो वे संक्रमित मिले। दोनों को सेना के ही अस्पताल में रखा गया है। हल्के लक्षण हैं। दोनों कोविड के दोनों डोज लगवा चुके हैं।

इलाज के दौरान हुई संक्रमित

चार संक्रमितों में एक महिला भी शामिल हैं। वे कैंसर पेशेंट हैं। इलाज कराने मुम्बई के टाटा मेमोरियल अस्पताल गई थीं। वहीं पर संक्रमित हुईं। लौटने पर सर्दी-खांसी के लक्षण आने पर सेम्पल कराया गया, तो वे संक्रमित निकलीं। वहीं एक संक्रमित स्थानीय है। कांटेक्ट ट्रेसिंग में वह संक्रमित मिला है।

सुरक्षा जरूरी है

सीएमएचओ डॉक्टर रत्नेश कुरारिया ने बताया कि कोरोना संक्रमण रोकथाम के लिए पूरी मुस्तैदी से काम किया जा रहा है। लोगों को भी समझना होगा वह वेवजह घर से बाहर न निकलें और न ही यात्रा करें। बच्चों को वैक्सीनेशन का कार्य आज सोमवार से शुरू हो गया है। सुबह से अधिनस्थ अमलों को निर्देश जारी किए जा चुकें हैं, वैक्सीन भी सेंटरों में पहुंचा दी गई है।

जिला अस्पताल में लगेगा लिक्विड आक्सीजन प्लांट

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने लिया गया निर्णय

जबलपुर, । कोरोना संक्रमण से ग्रसित लोगों की संख्या बढ़ते ही प्रदेश समेत शहर में स्वास्थ सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम तेज हो गया है। जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि जल्द ही जिला अस्पताल में तीसरा ऑक्सीजन प्लांट लगेगा। इस बार का प्लांट लिक्विड ऑक्सीजन पर आधारित होगा। पीपीपी मॉडल पर निजी कंपनी इसे लगाने जा रही है। वहीं मेडिकल में पूरे महाकौशल के मरीजों का दबाव रहता है। इसे देखते हुए यहां तीसरे ऑक्सीजन स्टोरेज टैंक लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिले में कोविड की दूसरी लहर में ऑक्सीन की किल्लत की तस्वीर लोग भूले नहीं है। ऑक्सीजन की इसी मारामारी को देखते हुए

प्रशासन अभी से तैयारियों में जुट गया है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि जनवरी के लास्ट और फरवरी में कोविड के मामले तेजी से बढ़ सकते हैं।

जिला अस्पताल में 500 और 570 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) क्षमता के दो एयर सेपरेशन ऑक्सीजन प्लांट पहले से लग चुके हैं। दोनों से प्रति मिनट हवा से 1100 लीटर ऑक्सीजन बनाया जा सकता है। इसकी सप्लाई सीधे आईसीयू वार्ड में होती है। अब 6 केएल क्षमता का लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी है। इसके लिए जरूरी प्लेटफार्म बनाने का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा 600 एलपीएम का एयर सेपरेशन प्लांट स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में स्थापित है।

जबलपुर मेडिकल कॉलेज में सबसे अधिक कोविड मरीजों का भार रहता है। जबलपुर के अलावा आसपास के जिलों से भी कोविड के गंभीर मरीज रेफर होकर यहीं भर्ती होने आते हैं। ऐसे में ऑक्सीजन की सबसे अधिक जरूरत रहती है। मेडिकल में 10-10 केएल क्षमता के दो ऑक्सीजन स्टोरेज पहले से स्थापित हैं। अब 10 केएल क्षमता का तीसरा ऑक्सीजन स्टोरेज स्थापित करने का काम चल रहा है।

बाप-बेटे का झगड़ा युवक को सुलझाना पड़ गया भारी

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर की पुरानी बस्ती में बाप-बेटे का झगड़ा सुलझाना एक युवक को उस वक्त भारी पड़ गया जब युवक की समझाइश देने पर आरोपी ने दनादन नुकीले हथियार से सीने में वार कर युवक को बुरी तरह घायल कर दिया। जिस वक्त यह घटना हुई युवक अपनी पत्नी समेत मैहर से घर लौट रहा था। हथियार से वार करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पीड़ित सदीप केवट पिता जय कुमार केवट 27 साल ने बताया कि वह पप्पू कुशवाहा के मकान में मालगुजार परिसर गोहलपुर का निवासी है और अपनी पत्नी के साथ मैहर मंदिर के दर्शन करने गया था। लौटा तो देखा कि घर के पास ही धमेन्द्र केवट अपने पिता से झगड़ा कर रहा था। जब उसने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी ने नुकीले हथियार से हमला कर, लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज, फरार आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

शोहदों से परेशान युवती रोते हुए पहुंची थाने

छेड़छाड़ का मामला दर्ज

जबलपुर, यशभारत। पनागर के तिवारीखेड़ा में पड़ोस में रहने वाले दो शोहदों से तंग आकर थाने पहुंची युवती ने पुलिस से कहा कि क्या वह पढ़ाई छोड़ दे... ?

दोनों आरोपी युवती के पड़ोस में ही रहते है और आते-जाते हमेशा गंदे-गंदे कमेन्ट्स कर छेड़खानी करते है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय छात्रा ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले अभिषेक यादव और रितिक पटैल तिवारीखेड़ा के निवासी है और आते-जाते अक्सर छेड़छाड़ करते है। जब उसने इनका विरोध किया तो दोनों धमकी देने लगे और गलीगलौच कर मारपीट पर अमादा हो गए। जिसकी शिकायत उनके परिजनों तक से की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकयत कर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

जहरीली मदिरा जब्त

रविवार की दरमियानी रात पुलिस ने जलगांव निवासी पुराने तस्कर से पांच लीटर अवैध मदिरा जब्त की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि बिहारी कोल मेन रोड पर खड़ा होकर शराब विक्रय कर रहा है। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने आरोपी को मदिरा के साथ दबोच लिया। पकड़ी गयी मदिरा जहरीली है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र ही नहीं

लाकडाउन का फायदा उठाकर अयोग्य विद्यार्थियों का भरा दिया फार्म

अब नतीजे रुके

जबलपुर,। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में बीएससी बीएड के परीक्षार्थी परीक्षा के कई महिने बाद भी नजीजों के लिए भटक रहे हैं। प्रशासन ने इनके नतीजे रोक दिए है। आरोप है कि कालेजों ने लाकडाउन के वक्त अयोग्य विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन भरवा दिए। जिसके आधार पर उन्हें परीक्षा देने मिला। अब जांच में यह बात सामने आई है कि परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र ही नहीं थे।

की पात्रता नहीं होती है लेकिन कोरोना का लाभ उठाकर कालेजों ने परीक्षा का आवेदन भरवा दिया। अब जबकि उनकी परीक्षा हो चुकी है कालेज परीक्षा परिणाम जारी करवाने के लिए विद्यार्थियों को सीधे विश्वविद्यालय पहुंचाकर दबाव बना रहे हैं। इधर प्रशासन ने साफ किया है कि गलत ढ़ंग से परीक्षा में बैठने वाले करीब 10 विद्यार्थियों के नतीजों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कालेजों को भी आगे से अपात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन अग्रेषित नहीं करने के निर्देश दिए गए है।

क्या है मामला

लाकडाउन के वक्त ओपन बुक परीक्षा हुई। बीएससी बीएड के डिंडौरी और बालाघाट जिले के निजी कालेजों ने ऐसे विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भरवा लिए जिन्होंने प्रथम और तीसरा सेमेस्टर पास ही नहीं किया था। कायदे से प्रथम से तीसरे सेमेस्टर के बीच परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने वाले विद्यार्थी पांचवे और अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते हैं। इन्हें आवेदन भरने

हर व्यावसायिक कोर्स में समस्या

बीएससी बीएड के अलावा बीएलएलएलबी, एलएलबी समेत कई पाठ्यक्रमों में इस तरह की समस्या आती है। परीक्षा नियंत्रक प्रो.एनसी पेंडसे ने कहा कि अपात्र विद्यार्थियों के नतीजे रोके गए है।

जबलपुर के नए निगमायुक्त विकास को देखेंगे समझेंगे , गलतियां-कमियों को दूर करूंगा

निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने संभाला निगम की कमान

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम के नए निगमायुक्त बनाए गए आइएएस आशीष वशिष्ठ आज सोमवार को नगर निगम आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने कहा कि शहर में हित में कराए जा रहे विकास कार्यों को पहले देखेंगे, समझेंगे उसमें गलती या कमियां को दूर करने के प्रयास करूंगा। नागरिकों शहर के विकास व निर्माण कार्यों से नागरिकों को परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों को साथ लेकर शहर का विकास करना पहली प्राथमिकता होगी।

श्रीमती शकुंतला खरे का निधन

जबलपुर। अधारताल निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री ए एएन खरे की धर्मपत्नी एवं श्री अतुल खरे और श्री अंशुल खरे की माता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्रीमती शकुंतला खरे का रविवार को देहांत हो गया। वे 74 वर्ष की थी। अंतिम यात्रा अधारताल स्थित निज निवास से ग्वारीघाट स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

CMYK